राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित



06 तान्या शर्मा ने छोड़ा ओ...

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



गजानन के जयकारों से गूंजी ... 10

गाजियाबाद, मंगलवार 15 सितंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 190, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## 3400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाला मंत्री बना भिखारी, सड़क पर खाया खाना

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के सबसे अमीर विधायकों में शामिल पराग शाह का एक अलग तरह का सामाजिक और धार्मिक प्रयोग चर्चा में है। 3400 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले घाटकोपर पूर्व के विधायक पराग शाह ने एक दिन के लिए अपना रूप बदलकर भिखारी का जीवन जीने का अनुभव लिया। उन्होंने सड़क पर लोगों से भिक्षा मांगी और उसी से भोजन करने का अनुभव भी किया।

**● जानकारी के अनुसार, जैन धर्म के चातुर्मास के दौरान पराग शाह के गुरु नम्रमुनि ने उन्हें एक दिन भिखारी के जीवन और उसकी परिस्थितियों को करीब से समझने का अनुभव लेने की सलाह दी थी**

**जैन धर्म के चातुर्मास के दौरान गुरु की सलाह पर किया प्रयोग**

जानकारी के अनुसार, जैन धर्म के चातुर्मास के दौरान पराग शाह के गुरु नम्रमुनि ने उन्हें एक दिन भिखारी के जीवन और उसकी परिस्थितियों को करीब से समझने का अनुभव लेने की सलाह दी थी। इसके बाद शाह ने अपने नियमित सुरक्षा घेरे और अन्य सुविधाओं से अलग रहकर मेकअप के जरिए भिखारी का रूप धारण किया।



**भेष बदलकर लोगों के बीच पहुंचे**

भिखारी के वेश में पराग शाह ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों से संपर्क किया और उनसे भिक्षा मांगी। इस दौरान ज्यादातर लोग उन्हें पहचान नहीं सके। उन्होंने भिक्षा में मिले पैसे या भोजन के माध्यम से एक दिन सामान्य भिखारी की तरह जीवन बिताने का प्रयास किया।

**बाद में सामने आई असली पहचान**

इस अनुभव के बाद शाह कुछ स्थानों पर दोबारा पहुंचे और लोगों को अपनी वास्तविक पहचान बताई। उन्होंने उनसे बातचीत कर अपने अनुभव साझा किए। उनके इस प्रयोग का उद्देश्य समाज के उस वर्ग के जीवन और कठिनाइयों को करीब से समझना बताया जा रहा है, जो रोजाना दूसरों से मदद या भिक्षा पर निर्भर रहता है।

## राजस्थान निकाय चुनाव में भाजपा का दबदबा, 163 सीटों पर किया कब्जा, कांग्रेस ने जीतीं 103 सीटें

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए शहरी क्षेत्रों में अपना दबदबा कायम किया है। घोषित 309 सीटों के नतीजों में भाजपा ने 163 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस को 103 सीटों से संतोष करना पड़ा। निर्दलीय उम्मीदवारों ने 43 सीटों पर बाजी मारी। इस जीत के साथ 10 नगर निगमों, 47 नगर परिषदों और 252 नगर पालिकाओं में नई शहरी सरकारों के गठन का रास्ता साफ हो गया है।



नगर निकाय चुनाव के लिए मतगणना सोमवार सुबह 8 बजे शुरू हुई और पूरे राज्य में एक साथ वोटों की गिनती की गई। चुनाव 9 और 11 सितंबर को दो चरणों में कराए गए थे। दोनों चरणों में कुल 73.56 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के मुकाबले तीन प्रतिशत से अधिक रहा। इन चुनावों में कुल 38,889 उम्मीदवार मैदान में थे। भाजपा ने 9,290 और कांग्रेस ने 9,027 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### मानसा में स्कूल बस की पीआरटीसी बस से भिड़ंत, 10 से 15 बच्चे घायल, ड्राइवर की टांगें टूटीं

**मानसा (आरएनएस)।** पंजाब के मानसा में नेशनल हाईवे पर सोमवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे स्कूल बस आगे जारी रही पीआरटीसी बस से टकरा गई। जिससे स्कूल बस में सवार करीब 10 से 15 बजे घायल हो गए। इसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे में स्कूल बस ड्राइवर की दोनों टांगें टूट गई। वहीं सभी घायल बच्चों को



अस्पातल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। यह स्कूल बस हौली हार्ट पब्लिक स्कूल, किशनगढ़ की बताई जा रही है। बस के ड्राइवर का कहना है कि, वह मानसा से जाखल की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बस के आगे अचानक एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार के कान पर मोबाइल फोन लगा हुआ था। उसके अचानक सामने आने पर पीआरटीसी बस ड्राइवर ने तुरंत ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रही स्कूल बस पीआरटीसी बस से टकरा गई। हादसे में एक छोटी बच्ची को ज्यादा चोटें आने की बात सामने आई है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अन्य घायल बच्चों को भी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और टक्कर के समय दोनों बसों की स्थिति क्या थी।

### भस्म आरती : गणेश स्वरूप में सजे बाबा महाकाल; भांग, रुद्राक्ष की माला और फूलों से भव्य शृंगार

**उज्जैन (आरएनएस)।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया और चतुर्थी तिथि पर, सोमवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बनने के लिए मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सोमवार तड़के भगवान वीरभद्र की आज्ञा लेने के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ बाबा महाकाल के कपाट खोले गए। दिव्य शृंगार और भस्म आरती के बाद जैसे ही श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन हुए, पूरा मंदिर परिसर 'जय श्री महाकालइ के उद्घोष से गूंज उठा। मंदिर परिसर घंटियों, शंखध्वनि और मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा। महाकाल मंदिर के पट खुलने के साथ ही मंत्रोच्चार के बीच भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शहद, और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। बाबा महाकाल की पूजा के दौरान प्रथम



घंटाल बजाकर हरिओम जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा ने मुकुट धारण किया। इसके बाद झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़े, और शंखनाद के साथ भस्म आरती की गई। बाबा महाकाल का भांग से गणेश स्वरूप में शृंगार किया गया। बाबा को रुद्राक्ष और फूलों की माला अर्पित की गई।

महाकाल मंदिर के पुजारी ने महाआरती संपन्न कराई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। अपने आराध्य देव के दर्शन पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु बीती रात से ही कतारबद्ध थे। भस्म आरती के दौरान पुरुषों के लिए पारंपरिक धोती-सोला और महिलाओं के लिए साड़ी पहनना अनिवार्य होता है। परंपरा के अनुसार, महानिवार्णी अखाड़े की ओर से बाबा महाकाल को भस्म आरती अर्पित की जाती है। मान्यता है कि भस्म अर्पित किए जाने के बाद बाबा महाकाल निराकार से साकार रूप में दर्शन देते हैं। बाबा की इस आरती में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन की पावन नगरी पहुंचते हैं।

## सरकार के पीछे पड़े कॉकरोच, अभिजीत दीपके का बड़ा ऐलान- फिर शुरू होगा आंदोलन

**मुंबई (आरएनएस)।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) की ऑनलाइन परीक्षाओं में कथित पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने का ऐलान किया है। पार्टी ने एमपीएससी के अध्यक्ष और सचिव के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को समर्थन देने की घोषणा की है। सीजेपी ने कहा है कि मांग पूरी नहीं होने पर राज्यव्यापी आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। सीजेपी की ओर से रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, अभिजीत दीपके और पार्टी के अन्य नेता एमपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन में शामिल होंगे। इससे पहले एमपीएससी की तैयारी कर रहे कुछ अभ्यर्थियों ने छत्रपति संभाजीनगर के वालुज स्थित दीपके के आवास पर उनसे मुलाकात की थी।

**24 सितंबर तक का अल्टीमेटम**

पार्टी ने कहा कि एमपीएससी अध्यक्ष और सचिव के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। यदि 24 सितंबर तक मांग पूरी नहीं हुई तो दीपके एमपीएससी अभ्यर्थियों से बातचीत के लिए राज्यव्यापी दौरा करेंगे। अभ्यर्थियों से मुलाकात के बाद जारी वीडियो संदेश में दीपके ने कहा कि सीजेपी इस लड़ाई में छात्रों के साथ खड़ी है और मांग पूरी होने तक उनका समर्थन जारी रहेगा।



**प्रथमेश देशमुख की आत्महत्या के बाद गरमाया मुद्दा**

एमपीएससी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 28 वर्षीय प्रथमेश देशमुख की पुणे में आत्महत्या के बाद यह मामला और चर्चा में आया। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में करीब 2.5 लाख रुपये के कर्ज का उल्लेख होने की बात सामने आई थी। इसके बाद सीजेपी ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है।

दीपके ने प्रथमेश के परिजनों से भी मुलाकात की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं पर पेपर लीक और परीक्षा परिणामों में देरी का अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। दीपके ने इसे व्यवस्था की विफलता करार देते हुए सरकार से युवाओं की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की।

## दस दिन में पांच नवजातों की मौत का परिजनों ने किया दावा, जांच के आदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली क्षेत्र के पीएचसी बक्सर में प्रसव के बाद हिम्मतपुर गांव की एक महिला और उसके नवजात की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार में लापरवाही और आवश्यक सुविधाओं के अभाव का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार, प्रसव के बाद मां और बच्चे की हालत बिगड़ने पर दोनों को गंभीर स्थिति में मेरठ रेफर किया गया, जहां मेडिकल कॉलेज पहुंचने के कुछ घंटे बाद उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं।

हिम्मतपुर गांव निवासी फिरोज तोमर ने बताया कि 11 सितंबर की दोपहर उनके मामा कारी कमाल साहब की पत्नी बुशरा को प्रसव पीड़ा होने पर पीएचसी बक्सर ले जाया गया था। वहां मौजूद स्टाफ नर्स ने उन्हें भर्ती कर लिया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद महिला और नवजात की हालत बिगड़ने पर स्वास्थ्य केंद्र पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने की बात कहते हुए दोनों को मेरठ रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने के कुछ घंटे बाद दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**दस दिन में चार अन्य नवजातों की मौत का दावा**

परिजनों ने पिछले करीब दस दिनों में पीएचसी बक्सर और सीएचसी सिखेड़ा में चार अन्य नवजातों की मौत होने का भी दावा किया है। उनके मुताबिक, हिम्मतपुर निवासी अमित की पत्नी गीता के नवजात की पीएचसी बक्सर में प्रसव के करीब आधे घंटे बाद मौत हो गई थी।

**समारोह** लोक आयुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## संवैधानिक संस्था में सामान्य नागरिक का विश्वास ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत: मुख्यमंत्री

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संवैधानिक संस्था में सामान्य नागरिक का विश्वास ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। जो संस्था आमजन के विश्वास पर खरा उतरेगी, लोकतंत्र में उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता और न ही कोई उसके महत्व को कम करके आंक सकता है। गुड गवर्नेंस पब्लिक ट्रस्ट पर निर्भर करता है। यदि जनता का विश्वास नहीं है तो हम सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। इसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति भी संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास के साथ गौरव की अनुभूति कर सके।


मुख्यमंत्री सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि लोक आयुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लोक आयुक्त प्रशासन की स्मारिका व सूचना पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही 50 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी व लघु फिल्म भी देखी।

**जनविश्वास पर खरा उतरना ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी**

सीएम ने कहा कि संस्था के गठन मात्र से समस्या का समाधान नहीं होता। जन-विश्वास पर खरा उतरना ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी है। संविधान निमार्ताओं ने भारत की व्यवस्था के लिए संसदीय लोकतंत्र दिया। यदि जनप्रतिनिधि ने विश्वास खोया तो सरकार गई। हर पांच साल में उन्हें जनता के बीच जाना पड़ता है। यदि जनप्रतिनिधि जनभावना का सम्मान नहीं कर पाता है तो जनता को पूरा अधिकार है कि वह प्रतिनिधि को बदलकर दूसरों को मौका दे।

**सत्य की कसौटी है न्याय का आधार**

सीएम ने कहा कि संविधान निमार्ताओं ने न्याय, सत्य और समता को भारत की मौलिक आवश्यकता बताते हुए उल्लेख किया कि हर व्यक्ति को न्याय पाने का अधिकार है। न्याय का आधार सत्य की कसौटी है। हर व्यक्ति को



बिना भेदभाव समभाव से देखा जाए। शिकायत का मेरिट के आधार पर समाधान और शिकायतकर्ता की संतुष्टि पर जोर होना चाहिए।

**अनावश्यक शिकायत करने वालों पर कसना होगा शिकंजा**

सीएम ने कहा कि आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन आदि के जरिये जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया जाता है। हालांकि कुछ लोग अनावश्यक शिकायत भी लेकर आते हैं, बताते हैं कि मेरी व्यक्तिगत समस्या नहीं है।









Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# छात्राएं प्रतिभा पहचाने और निरंतर निखारने का प्रयास जारी रखें: मनीषा अत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलासपुर (एन.जी वर्मा)।** एक्यूरेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा 31 अगस्त 2026 को एस. डी. कन्या इंटर कॉलेज

**एस. डी. कन्या इंटर कॉलेज में GK क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान**

बिलासपुर में आयोजित GK क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की करीब 200 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कक्षा 10वीं की निहारिका को 5,100, द्वितीय स्थान प्राप्त कक्षा 12वीं की खुशी को 3,100 तथा तृतीय स्थान प्राप्त कक्षा 12वीं की अवंतिका को 1,100 की धनराशि के साथ ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मनीषा अत्री, जिला रोजगार अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर ने





अपने जीवन-वृत्तांत एवं संघर्षों को साझा करते हुए छात्राओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता सिंह चेची पति संजय भैया चेची ने विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष यश कुमार, कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रतीक्षा शर्मा, संयोजक रोहित, आरती शर्मा, अजय रानी, कीर्ति अग्रवाल एवं नीतू सिंह सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# वार्ड-53 रईसपुर के किसानों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर गांव में विशेष राजस्व शिविर लगाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** ग्राम रईसपुर की खतौनी में भूमि के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में वार्ड-53 रईसपुर के किसानों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर गांव में विशेष राजस्व शिविर लगाने की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि खतौनी के अंश निर्धारण में गलतियां होने के कारण कई किसानों की पैतृक भूमि के वास्तविक हिस्से में अंतर दर्ज हो गया है। खतौनी पुनरीक्षण एवं भूमि के अंश निर्धारण की प्रक्रिया के



दौरान हुई इन त्रुटियों से किसानों के वास्तविक भूमि अधिकार प्रभावित होने के साथ भविष्य में गंभीर विवाद उत्पन्न होने की आशंका जताई गई है। समस्या के समाधान के लिए किसान बार-बार तहसील और संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग कि रईसपुर गांव में विशेष राजस्व शिविर आयोजित कर किसानों के भूमि संबंधी अभिलेखों की जांच कराई जाए। साथ ही त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण को नियमानुसार दुरुस्त कर किसानों को राहत दिलाई जाए। वहीं डीएम रविंद्र कुमार ने किसानों को आश्वासन दिया है कि अधिकारी स्तर पर उनके गांव में कैंप लगाया जाएगा और एक हफ्ते के अंदर सभी समस्याओं का समाधान होगा। अगर इस कार्य में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

# आरएसके इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया हिंदी दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली आरएसके इंटर कॉलेज में हिंदी दिवस पर उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मकसद विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति प्रेम, सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के साथ ही इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था। समारोह में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हिंदी भाषा के महत्व व उपयोगिता पर अपने विचार रखे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार गोहित ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और भावनाओं को व्यक्त करने का मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि हिंदी का इस्तेमाल सिर्फ हिंदी दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे रोजमर्रा की जिंदगी में भी अपनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य पढ़ने और हिंदी में लेखन के लिए प्रेरित किया।





इस मौके पर हिंदी प्रवक्ता अजय कुमार, अरविंद कुमार, ऋषिपाल सिंह, कमल सिंह, सहायक अध्यापक कुंवर बहादुर, डॉ. कमलेश, डॉ. शैलेश कुमार, देवेंद्र समेत शिक्षकगण मौजूद रहे।

# गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन ने काईट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में राष्ट्रीय मानव संसाधन सम्मेलन का आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** काईट मानद विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन (जीएमए) के सहयोग से 12 सितंबर, 2026 को "कार्यबल पुनर्जागरण: लचीले, भविष्योन्मुखी और टिकाऊ संगठनों का निर्माण" विषय पर एक राष्ट्रीय मानव संसाधन सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में उद्योग जगत के प्रख्यात नेता, मानव संसाधन पेशेवर, शिक्षाविद और प्रबंधन विशेषज्ञ एक साथ आए और उन्होंने लचीले, भविष्योन्मुखी और टिकाऊ संगठनों के निर्माण के लिए उभरते कार्यबल रुझानों और रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन का शुभारंभ "उद्योग 5.0: मानव-केंद्रित परिवर्तन - सहयोग के युग में मानव संसाधन की भूमिका को पुनर्परिभाषित करना" विषय पर उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। सत्र में प्रौद्योगिकी और संगठनात्मक परिवर्तन के लिए अधिक मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर संक्रमण पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि श्री अतुल सोबती, महानिदेशक, SCOPE और पूर्व-मुख्यमंत्री, BHEL ने उद्योग 5.0 और सहयोग के युग में मानव संसाधन की बदलती भूमिका पर सभा को संबोधित किया। डॉ. इंदरजीत घोष, वैश्विक अध्यक्ष, MSME CII, भारत, ने मुख्य भाषण दिया।



यह कार्यक्रम डॉ. टी. आर. पांडे, अध्यक्ष, GMA और निदेशक, अजय कुमार गर्ग इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और श्री राहुल अग्रवाल, कार्यवाहक निदेशक, GMA के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। प्रोफेसर नागराज रामराव, कुलपति, काईट मानद विश्वविद्यालय और डॉ. मनोज गोयल, प्रो-वाइस चांसलर, काईट मानद विश्वविद्यालय, ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। सत्र में काईट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डीन डॉ. बिंकी श्रीवास्तव का स्वागत भाषण भी शामिल था। ब्रेंसिस ग्रुप की निदेशक डॉ. अमिता श्रीवास्तव द्वारा मानव संसाधन सम्मेलन का परिचय और जीएमए के अध्यक्ष डॉ. टी.आर. पांडे का अध्यक्षीय भाषण। इस सत्र ने आगामी ज्ञान सत्रों की नींव रखी। पहला ज्ञान सत्र, 'डिजिटल परिवर्तन' पर आयोजित किया गया, जिसमें 'एआई-प्रभाव/चुनौतियाँ, मानव संसाधन प्रणाली, परिवर्तनकारी' विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा ह्यनारी द्वारा नारी का उत्थान विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संतुलन- महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के अंतर्गत दिनांक ह्यनारी द्वारा नारी का उत्थान विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवतियों में परस्पर सहयोग, सकारात्मक सोच और एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की भावना को जाग्रत करना रहा।




कार्यशाला का शुभारंभ ॐ उच्चारण के साथ हुआ, जिससे वातावरण में शांति और एकाग्रता का संचार हुआ। इसके पश्चात जुम्बा के माध्यम से सभी बहनों ने ऊजार्वान सहभागिता की। तत्पश्चात गणेश वंदना पर एक विशेष नृत्य प्रस्तुति की गई, जिसने सभी में भक्ति और उत्साह का संचार किया। इसके बाद भगवान गणेश जी के विभिन्न अंगों के प्रतीकात्मक अर्थ पर चर्चा की गई। इस प्रेरणादायी प्रस्तुति के बाद संगीतमय प्रस्तुति की गई।

# भारतीय संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है मनोरंजन कार्यक्रम : रजनीकांत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी. वर्मा)।** क्षेत्र में द्रोण नगरी के नाम से विश्व प्रसिद्ध दनकौर में स्थापित गुरु द्रोणाचार्य मंदिर प्रांगण में श्री द्रोण गौशाला रजि. मेला समिति के तत्वावधान समिति के अध्यक्ष प्रबंधक रजनीकांत के सानिध्य में श्री कृष्ण जन्माष्टमी से शुरू हुआ 103 वाँ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव द्रोण मेले में रविवार की रात द्रोण नाट्य मंच पर दनकौर के स्थानीय विद्यालयों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति रही इस मौके पर श्री द्रोण गऊशाला समिति एवं मेला प्रबंधक रजनीकांत अग्रवाल ने कहा कि धार्मिक मंच पर प्रस्तुत मनोरंजन कार्यक्रम भारतीय संस्कृति सभ्यता का प्रतीक होते हैं जिसको




देख आज के युवा प्रतिभा बनने को आतुर होते हैं ताकि वह अपने शिक्षा संस्थान परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें ।

श्री द्रोण इस मौके पर स्थानीय विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दनकौर क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों क्रमशः सरस्वती विद्या मन्दिर, दनकौर, सर्वोदय कॉन्वेंट स्कूल, खेरली भाव एवं सरस्वती शिशु मन्दिर, दनकौर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने श्रीकृष्ण लीला, राधा-कृष्ण नृत्य, भजन, समूह नृत्य एवं धार्मिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित हजारों दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा, सुमधुर भजनों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने पूरे पांडाल को भक्तिमय बना दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से नन्हें कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रबंधक श्री रजनीकान्त अग्रवाल, मेला समिति के पदाधिकारीगण, सरस्वती विद्या मन्दिर दनकौर के प्रधानाचार्य श्री जयप्रकाश सिंह, सर्वोदय कॉन्वेंट स्कूल खेरली भाव के डायरेक्टर श्री राकेश पाल, सरस्वती शिशु मन्दिर दनकौर के प्रधानाध्यापक श्री देवदत्त शर्मा एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण, अभिभावकगण एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मुआवजे को लेकर आज किसानों का पैदल मार्च

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (साजिद भाटी)।** किसानों की जमीन के मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर संयुक्त किसान अधिकार मोर्चा मंगलवार को पैदल मार्च करेगा। मोर्चा के संयोजक एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि सुबह 11 बजे किसान यमुना प्राधिकरण कार्यालय पर एकत्र होंगे। इसके बाद पैदल मार्च कर प्राधिकरण के सीओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

चौधरी के अनुसार, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, न्यू नोएडा और यमुना प्राधिकरण में किसानों की जमीन के लिए अलग-अलग मुआवजा दिया

**यमुना प्राधिकरण कार्यालय पर जुटेंगे किसान, सीओ को सौंपेंगे ज्ञापन**

जा रहा है। किसानों का कहना है कि यमुना प्राधिकरण में मुआवजे की दर सबसे कम है। उनकी मांग है कि जमीन का अधिग्रहण नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत किया जाए। इसके साथ ही बाजार भाव के अनुसार मुआवजा, 20 प्रतिशत किसान कोटे के प्लॉट और उचित पुनर्वास दिया जाए। किसानों ने कानून का लाभ जनवरी 2014 से देने की भी मांग की है। मार्च में कई किसान संगठन शामिल होंगे।

# जिला अदालत में नाबालिग की शादी कराने पहुंचे दो लोग पकड़े, परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोनी क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग किशोरी की कथित तौर पर शादी कराने के लिए गाजियाबाद जिला अदालत पहुंचे दो लोगों को उसके परिजनों ने पकड़ लिया। दोनों को पकड़ने के बाद जिला अदालत परिसर में हंगामा हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में नाबालिग की मां ने गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। नाबालिग की मां का आरोप है कि उनकी बेटी 8 सितंबर से लापता थी। उन्होंने बताया कि बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाया गया और उसकी जबरन शादी कराने



की कोशिश की जा रही थी। महिला के मुताबिक, उन्हें कुछ लोगों के खेड़ी गांव का निवासी होने की जानकारी मिली थी। आरोप है कि पहले दो दिन का समय देने की बात कही गई, लेकिन बाद में संबंधित लोगों ने फोन उठाना बंद कर दिया। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि उनकी नाबालिग बेटी की जबरन शादी कराने की कोशिश की जा रही थी।

# नगर निगम की गाजियाबाद 360 कॉफी टेबल बुक का हुआ अनावरण, 164 पेज में डेढ़ सौ से अधिक कार्यों को दशार्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** नगर निगम द्वारा शहर हित, पर्यावरण हित में विशेष कार्य किए गए हैं जिसको गाजियाबाद 360 बुक में दशार्या गया है' नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग जलकल, उद्यान, स्वास्थ्य, प्रकाश, टैक्स तथा निर्माण विभाग तीव्र गति से शहर के विकास में कार्य कर रहा है जिसमें पर्यावरण का भी विशेष ध्यान रखते हुए कार्य किए गए हैं गाजियाबाद 360 किताब में दिखाया गया है लगभग डेढ़ सौ से अधिक प्रोजेक्ट्स को 164 पेज में विस्तृत रूप से दिखाया गया, नगर



निगम की गाजियाबाद 360 कॉफी टेबल बुक का अनावरण उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के द्वारा शहर में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए किया जा रहे कार्यों की सराहना भी की गई।

# चंद्रशेखर आजाद के काफिले को रोके जाने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** गोंडा में दिनेश साहनी की हत्या के बाद पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के काफिले को

**आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की**

बाराबंकी में रोके जाने के विरोध में सोमवार को आजाद समाज पार्टी कांशीराम एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, पीड़ित



परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार भाटी एवं भीम आर्मी जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह दुबली ने किया। राजकुमार भाटी ने कहा कि जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी।

इस दौरान हरिश्चंद्र गौतम, डॉ. संजीव कुमार, आशु जयंत, एडवोकेट संजीव कुमार, अनिल लंकेश, मनिंदर सिंह, इंजीनियर हरिकिशन जयकर, अनूप चौधरी, रामपाल सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह गेझा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आयोजन**

## इंटरनल हैकाथॉन (स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन) में 181 टीमों ने लिया हिस्सा

# आरकेजीआईटी में नवाचार का जोश,1000 से अधिक छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) में 11-12 सितंबर 2026 को इंटरनल हैकाथॉन (स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन) का आयोजन उत्साह, ऊर्जा और नवाचार की भावना के साथ किया गया। संस्थान में आयोजित इस हैकाथॉन में 181 टीमों के लिए 1086 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए। विद्यार्थियों ने विभिन्न वास्तविक जीवन की समस्याओं के तकनीकी एवं रचनात्मक समाधान प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हैकाथॉन का उद्देश्य विद्यार्थियों को समस्या-समाधान, नवाचार, टीम भावना और तकनीकी कौशल के माध्यम से नए एवं प्रभावी समाधान विकसित करने के लिए बेहतर मंच प्रदान करना रहा। प्रतिभागी टीमों ने अपने प्रोजेक्ट एवं विचार निर्णायक मंडल तथा मार्गदर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किए। मूल्यांकन के दौरान टीमों के विचारों की नवीनता, उपयोगिता, तकनीकी क्षमता तथा समस्या के समाधान की प्रभावशीलता को प्रमुखता से देखा गया। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) बी.सी. शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के हैकाथॉन छात्रों को कक्षा में प्राप्त ज्ञान को वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में प्रयोग करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नई सोच के साथ आगे बढ़ने तथा तकनीकी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। इस संपूर्ण आयोजन का मार्गदर्शन डॉ. रामेंद्र सिंह, डीन एक्रेडिटेशन एवं डॉ. अमित सिंघल, विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वारा किया गया। उन्होंने आयोजन की पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों के तकनीकी प्रयासों की सराहना की। साथ ही, उन्होंने छात्रों को नवाचार, समस्या-समाधान और आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रेरित किया तथा अपने विचारों को व्यावहारिक एवं उपयोगी समाधानों में परिवर्तित करने के लिए प्रोत्साहित किया।





कार्यक्रम में फैकल्टी कोऑर्डिनेटर की भूमिका डॉ. विनीत श्रीवास्तव ने निभाई। उन्होंने प्रतिभागी टीमों का मार्गदर्शन करते हुए उनके प्रोजेक्ट्स को बेहतर बनाने में सहयोग किया और छात्रों को हैकाथॉन की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया।

आयोजन को सफल बनाने में फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ.पवन गोयल, शालू त्यागी, संदीप कुमार, अभिषेक सिंह, श्रीमती श्रुति सक्सेना, श्रीमती शर्मिला एवं सरल गर्ग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के उपाध्यक्ष अक्षत गोयल, कार्यकारी निदेशक डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक प्रो. (डॉ.) बी.सी. शर्मा एवं डीन एकेडमिक्स डॉ. आर.के. यादव ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों, संकाय सदस्यों, समन्वयकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम ने छात्रों की रचनात्मकता, तकनीकी क्षमता और टीम भावना को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन जैसे राष्ट्रीय स्तर के मंच के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई आरकेजीआईटी का यह प्रयास विद्यार्थियों में नवाचार की संस्कृति को मजबूत करने और देश की तकनीकी प्रगति में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट से दादरी का सफर होगा आसान, छह लेन होगी सड़क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट से दादरी की ओर आने-जाने वाले लोगों के लिए राहत की खबर है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ईकोटेक-3 औद्योगिक क्षेत्र में नोएडा-सूरजपुर-दादरी मार्ग से न्यू हॉलैंड गोलचक्कर तक करीब दो किलोमीटर सड़क को चार लेन से बढ़ाकर छह लेन करेगा। इस काम पर करीब 7.37 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़क चौड़ी होने से इस मार्ग पर यातायात का दबाव कम करने और आवागमन को सुगम बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। ईकोटेक-3 औद्योगिक क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे सड़क पर यातायात प्रभावित होता है। परियोजना के तहत अधूरी नालियों का निर्माण पूरा करने के साथ सड़क किनारों को व्यवस्थित किया जाएगा। सड़क किनारे छिद्रयुक्त ग्रास पेवर ब्लॉक भी लगाए जाएंगे। इससे बारिश के दौरान जलभराव और सड़क किनारे कच्ची मिट्टी से उड़ने वाली धूल की समस्या को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com



# रामपुर दोराहा स्थित फैक्ट्री में भीषण आग,मचा हड़कंप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र के रामपुर दौराहा स्थित एक फैक्ट्री में सोमवार को अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री से उठती आग की ऊंची लपटें और धुएं का घना गुबार काफी दूर तक दिखाई दिया। आग की भयावहता देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी।

### दमकल की कई गाड़ियां मौके पर

सूचना मिलते ही कटघर थाना पुलिस मौके पर पहुंची।स्थिति का जायजा लेते हुए फायर सर्विस को घटना की जानकारी दी।कुछ ही देर में दमकल विभाग की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गईं। फायर कर्मियों ने आग की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मोर्चा संभाल लिया।कई दिशाओं से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। आग इतनी भीषण थी कि फैक्ट्री के भीतर से लगातार धुआं उठता रहा।

आसपास के लोगों की भीड़ को पुलिस ने मौके से दूर रखा, ताकि राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। दमकल कर्मी लगातार अभियान चलाकर आग को नियंत्रित करने में जुटे रहे।आग के कारण आसपास के क्षेत्र में भी लोगों के बीच चिंता का माहौल बना रहा। समाचार लिखे जाने तक मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजीव पांडेय अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी करते रहे।बताया कि आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां लगाई गई हैं। फायर कर्मी लगातार प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। फैक्ट्री में कितना नुकसान हुआ है, इसका सही आकलन आग पूरी तरह बुझने के बाद ही किया जा सकेगा।फैक्ट्री में किस प्रकार का कार्य होता था और आग किन परिस्थितियों में लगी, इसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। आग पूरी तरह बुझने के बाद घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान और आग लगने के वास्तविक कारणों की जानकारी जुटाई जाएगी।


फैक्ट्री में लगी आग में उठती लपटें




# आदमपुर पुलिस ने 48 घंटे में किया हत्या का खुलासा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** थाना आदमपुर पुलिस ने जोगेन्द्र हत्या कांड का 48 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए मृतक के सगे भाई समेत चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

### भाई समेत चार गिरफ्तार

घटना 11 सितंबर की है, जब रूपराम निवासी कौकापुर की मढ़ियो ने अपने पुत्र जोगेन्द्र के गायब होने की सूचना दी थी। अगले ही दिन जोगेन्द्र का शव पड़ोस के गांव ओगारपुर के एक खेत से बरामद हुआ।

पुलिस ने विवेचना और साक्ष्यों से खुलासा किया कि जोगेन्द्र शराब का आदी था। अपनी जमीन बेचना चाहता था। इस बात से परेशान होकर उसके बड़े भाई ऋषिपाल ने ब्रजपाल, वीरपाल और तेजपाल को 6 लाख रुपये का लालच देकर अपने भाई की हत्या कराई थी।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों अभियुक्तों–ऋषिपाल, ब्रजपाल, वीरपाल और तेजपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। जहां से चारों घायलों को जेल भेज दिया गया।


आदमपुर पुलिस हत्या का खुलासा करते हुए

# मेले में गन्ने आपूर्ति विषयक समस्याओं का कराएं एकमुश्त समाधानः हरपाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उप गन्ना आयुक्त, मुरादाबाद हरपाल सिंह ने बताया कि परिक्षेत्र मुरादाबाद की गन्ना समितियों के सदस्य गन्ना किसानों को आगामी पेराई सत्र 2026-27 मे चीनी मिलों को सुचारू गन्ना आपूर्ति किए जाने के लिए परिक्षेत्र के सभी किसानों को प्री कैलेंडर का शत-प्रतिशत वितरण कर दिया गया है।

किसान बंधु अपने प्री कैलेंडर की जांच अवश्य कर लें यदि गन्ना प्री कलैंडर में कोई त्रुटि हो तो सात दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति अपनी गन्ना समिति के इन्क्वायरी टर्मिनल पर या सम्बन्धित गन्ना पर्यवेक्षक को उपलब्ध करा दें।समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले में लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर अवश्य करा लें। गन्ना किसानों द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों के एकमुश्त समाधान एवं निराकरण के लिए परिक्षेत्र की सभी सहकारी गन्ना समितियों में दस दिवसीय (अवकाश को छोड़कर) सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन प्रत्येक जनपद मे किया जा रहा है। जिसमे जनपद बिजनौर, जनपद सम्भल, एवं जनपद रामपुर की समस्त गन्ना समितियों, तथा जनपद मुरादाबाद की गन्ना समिति कांठ में 15 से 25 सितंबर तक, जनपद मुरादाबाद की सहकारी गन्ना बिलारी में 23 सितम्बर तक होगा। गन्ना समिति अमरोहा,धनौरा एवं गन्ना समिति मुरादाबाद में 16 से 25 सितम्बर तक इस मेले का आयोजन किया जायेगा। चीनी मिल समिति गजरौला-हसनपुर में सटटा प्रदर्शन मेले का आयोजन 18 सितम्बर तक किया जा रहा है।

# सर्राफ की दुकान मे अज्ञात चोरों ने लगाया नकब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** नगर के मेंन बाजार स्थित एक सर्राफ की दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा दीवार में नकब लगाया गया। सुबह पता चलने पर पीड़ित के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौका मुआयना किया,वहीं व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। हालांकि व्यापारी के अनुसार कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### सूचना पर पहुंची पुलिस, की जांच पड़ताल

?नगर में उस समय हड़कंप मच गया,जब नगर के मेंन बाजार स्थित पवन ज्वैलर्स की दुकान में नकब लगा होने की खबर आग की तरह फैल गई। प्रतिदिन की भांति सोमवार को वैभव वर्मा पुत्र पवन वर्मा ने अपनी दुकान पवन ज्वैलर्स के नाम से खोल रखी है। दुकान में नकब लगने की सूचना पर दुकान स्वामी के होश उड़ गए, क्योंकि दुकान की पीछे की दीवार में नकब लगा हुआ था, जिसकी सूचना उसने अपने पिता पवन वर्मा को दी सूचना मिलते ही पवन वर्मा दुकान पर पहुंचे और नकब लगने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज अंकुर मलिक मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

दुकान में नकब लगने की सूचना पर व्यापारी एकत्र होने लगे और पुलिस की कार्यशैली को लेकर रोष व्यक्त किया। वही पीड़ित दुकानदार पवन वर्मा के द्वारा बताया गया कि चोरों द्वारा उनकी दुकान की दीवार में चोरों ने नकब लगाया था।लेकिन कोई भी सामान चोरी नहीं हुआ है। वही प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि दुकान में नकब लगने की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था, लेकिन व्यापारी द्वारा बताया गया कि कोई भी नुकसान नहीं हुआ है।


अज्ञात चोरों ने दुकान में लगाया नकब

# 11 वर्षीय मासूम को सांप ने डसा, हालत गंभीर हायर सेंटर रेफर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** सैदनंगली थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मबाद में रविवार की देर शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब घर के बाहर खेल रहे 11 वर्षीय बालक को खेलते समय सांप ने डस लिया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मयंक का 11 वर्षीय पुत्र सानिध्य रविवार शाम घर के बाहर खेल रहा था।इसी दौरान अचानक उसे एक सांप ने पैर में डस लिया। बालक के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे।सांप के काटने की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में परिजन बालक को उपचार के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल ले गए। जहां एंटी वेनम इंजेक्शन देने के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।


बालक का फोटो

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व में लगभग सात हजार एक सो पंद्रह भाषाएं बोली जातीःडॉ एमपी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** राजकीय महाविद्यालय हसनपुर में सोमवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया। अवसर पर कार्यक्रम की संरक्षक कालेज उप प्राचार्य पल्लवी सिंह और कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राहुल कुमार तथा संचालन डॉ.मदन पाल ने किया। उप प्राचार्या डॉ. पल्लवी सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि विश्व में हमारी पहचान हिंदी से होती है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि हिंदी को और प्रभावशाली बनाने के लिए हिंदी को रोजगार से जोड़ना होगा और साथ ही हिंदी एक मजबूत और सशक्त भाषा है।विश्व की किसी भी भाषा से कम नहीं है। डॉ. अनिल कुमार ने भाषा का महत्व बताया,कहा कि बच्चा अन्य भाषाओं की अपेक्षा अपनी मात्र भाषा में तेजी से सीखता है। डॉ. मनोज जाटव ने स्वतंत्रता संग्राम में भाषा की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया महात्मा गांधी की मातृभाषा गुजराती थी।फिर भी उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का काफी प्रयास किया और वर्तमान सरकार भी हिंदी के विकास के लिए बेहतर प्रयास कर रही है।डॉ एमपी सिंह ने हिंदी को भारत माता के माथे की बिंदी बताया।डॉ. मदन पाल ने बताया कि विश्व में लगभग सात हजार एक सो पंद्रह भाषाएं बोली जाती है।निबंध प्रतियोगिता में 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान उर्वशी शर्मा,दूसरा स्थान खिजरा खानम,तीसरा स्थान आशा ने प्राप्त किया।पोस्टर प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।जिसमें प्रथम स्थान हिबा,दूसरा स्थान सफिया,तीसरा स्थान अंजली ने प्राप्त किया। भाषण में प्रथम 10 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पहला स्थान प्रेरणा दूसरा स्थान सफिया ने प्राप्त किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. डीके अग्निहोत्री,डॉ. गजेंद्र कुमार डॉ. कविता चौधरी,डॉ. गिरेंद्र सिंह,डॉ. दीपक तालान एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।


कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित करते हुए

### हाजी हसमत अली उस्मानी को तराई किसान यूनियन में बनाया प्रदेश सचिव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुंदरकी।** तराई किसान यूनियन का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। संगठन के विस्तार को गति देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहम्मद खालिद, राष्ट्रीय प्रवक्ता आसिफ पाशा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी इमरान हुसैन ने हाजी हसमत अली उस्मानी को तराई किसान यूनियन में प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।

हाजी हसमत अली उस्मानी साहब एक जुझारू, कर्मठ एवं समाजसेवी व्यक्ति हैं। संगठन को उम्मीद है कि उनके अनुभव, मेहनत और सक्रिय भूमिका से तराई किसान यूनियन को मजबूती मिलेगी तथा किसानों, मजदूरों और आम जनता की आवाज को और प्रभावी ढंग से उठाने में सहयोग मिलेगा।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुरादाबाद जुहैब खान, नगर अध्यक्ष कुंदरकी धर्म सिंह आर्य, नगर अध्यक्ष महमूदपुर माफी माजिद खान, तहसील प्रभारी विकास सैनी, ब्लॉक प्रभारी संजीव सैनी, जिला उपाध्यक्ष बबलू अल्वी, जिला प्रभारी जाने आलम, ब्लॉक अध्यक्ष नाजिम सैफी, ब्लॉक उपाध्यक्ष वाजिद अली, तहसील उपाध्यक्ष हसनैन पाशा, नगर उपाध्यक्ष शहजाद अल्वी सहित नगर की पूरी टीम मौजूद रही।सभी पदाधिकारियों ने हाजी हसमत अली उस्मानी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि वह संगठन के हित में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए तराई किसान यूनियन को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।


मनोनयन पत्र देते किसान

# अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारियों ने शाहपुर कलां पहुंचकर जताया शोक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां में अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारियों ने ग्राम प्रधान मीनू रानी और समाजसेवी मास्टर जगत सिंह की माता की श्रद्धांजलि सभा में सहभागिता की। इस दौरान पदाधिकारियों ने शोक-संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और शोक संदेश पत्र सौंपा।सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिंवगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्रीचरणों में स्थान दें।शोक सभा में अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ हेमसिंह आर्य, कमलेश आर्य, सुशील भगत, चंचल सागर, मास्टर रामपाल नेताजी, नवल कुमार, टीपी सिंह, चंद्रपाल सैनी, बच्चन सिंह, दीपक कुमार, चंद्रभान सिंह, कैलाश सिंह, बृजपाल, फतेहचंद, महेश कुमार पंडित जी, बाबूराम, राजेंद्र और गुड्डू सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारी शोक जताते हुए

# स्वदेशी अपनाना ही देशभक्ति : नीतिश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** स्वदेशी जागरण मंच की तहसील की बैठक नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता नीतिश भारद्वाज ने कहा कि स्वदेशी अपनाना ही देशभक्ति है। हमें अपनी दिनचर्या, खान-पान और उपयोग की वस्तुओं में स्वदेशी को प्राथमिकता देनी होगी।

### सरस्वती शिशु मंदिर में स्वदेशी जागरण मंच की हुई बैठक सम्पन्न

स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से हमें हर घर तक पहुंचना है।मुख्य अतिथि प्रांत सह-संयोजक सुधांशु विश्नोई ने कहा कि आज भारत आर्थिक रूप से गुलामी की ओर बढ़ रहा है, इसे रोकने का एक ही उपाय है।स्वदेशी जागरण। उन्होंने कार्यकताओं से तहसील के प्रत्येक गांव तक संगठन विस्तार करने का आह्वान किया।बैठक का संचालन करते हुए सह जिला संयोजक अवनीश सैनी ने अपने बयान में कहा कि तहसील में स्वदेशी जागरण मंच का कार्य तेजी से बढ़ रहा है।हमने तय किया है कि आने वाले 2 महीनों में हसनपुर के सभी खंडों में उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन और स्वदेशी चौपाल आयोजित करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम 10 युवाओं को स्वरोजगार और स्वदेशी उत्पादों के लिए प्रेरित करे। सरस्वती शिशु मंदिर जैसी शिक्षण संस्थाओं से जुड़कर हम छात्रों में बचपन से ही स्वदेशी संस्कार डालेंगे।बैठक में आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई और नए कार्यकताओं को दायित्व भी सौंपे गए।इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकेश सैनी,सचिन, जितेन्द्र, अमरपाल सिंह, राजेंद्र,प्रदीप, रामनारायन,चरन सिंह,मोमराज सिँह सहित तहसील के सभी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि

**शोभा यात्रा** — शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया

# गणेश चतुर्थी पर्व पर शोभा यात्रा निकालकर भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** श्री गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में भगवानश्री गणेश की शोभा यात्रा निकालकर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की। शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

सोमवार को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर श्री गणेश कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान गणेश महोत्सव के अंतर्गत भक्तों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर भगवान श्री गणेश की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित गणेश चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई वापिस गणेश चौक पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा के प्रारंभ से पूर्व भाजपा नेता चंद्रपाल खड्गवंशी, शोभित शर्मा सहित समिति के पदाधि कारियों द्वारा भगवान श्री गणेश का विधि विधान से पूजन किया गया, पंडित प्रदीप शर्मा के द्वारा मंत्रो उच्चारण के साथ विधि विधान से भगवान गणेश का पूजन कराया गया। शोभा यात्रा की समाप्ति के बाद गणेश चौक पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विराजमान की गई। प्रतिदिन समिति के द्वारा प्राप्त एवं संध्या काल में भगवान श्री गणेश की आरती की जाएगी तथा बाहर के कलाकारों के द्वारा भी भगवान गणेश का गुणगान किया जाएगा। शोभा यात्रा की सुरक्षा के मध्य नजर भारी पुलिस बल तैनात रहा। शोभा यात्रा में भाजपा नेता चंद्रपाल खड़गवंशी, शोभित शर्मा,अक्षी अग्रवाल, उषा शर्मा, मंकू सक्सेना,अंकित यादव, विजय शर्मा, कुशास सक्सेना, आयुष मित्तल, अभिषेक वर्मा, यशवीर यादव, यश वर्मा, नितिन सक्सेना, अरविंद शर्मा, सीताराम यादव, चंद्रशेखर वर्मा,आनंद वर्मा,अक्षय सक्सेना,अमित सक्सेना,राहुल मित्तल,डोली शर्मा,मीरा सक्सेना, ज्योति शर्मा,प्रतीक शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।


गणपति भगवान का रथ ले जाते हुए भक्त





# 55 साल में डॉ.किशोरी लाल 286983 मरीजों का कर चुके आपरेशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (फहीम हसन)।** 55 साल से मरीजों की आंखों का चेकअप करने वाले डॉ. किशोरी लाल अब तक 6477539 मरीजों को देख चुके हैं। जबकि 286983 मरीजों की आंखों का आपरेशन करके उनको दोबारा से हर चीज देखने लायक बनाया।

**6477539 मरीजों को देखा,1338460 मरीजों की आंखों की हुई जांच**

पटियाला में जन्म डॉ. किशोरी लाल ने वहीं पर अपनी शिक्षा प्राप्त की। उसके बाद अलीगढ़ पहुंचे। फिर वहां से 1964 में रामपुर पहुंचे।उन्होने अपने नैनीताल रोड पर डालमियां अस्पताल की स्थापना की। इस दौरान किशोरी लाल लोगों के आंखों का चेकअप करते चले आ रहे हैं। उनका कहना है कि 1971 से 31 मार्च 2026 तक 6477539 मरीज देखें।1338460 मरीजों की जांचें की गई।जरूरत पड़ने पर उन्होने 286983 मरीजों के आपरेशन भी किए। क्लीनिक का साप्ताहिक अवकाश होने के दौरान उन्होने कई स्थानों पर 5404 कैंप लगाए। इसके अलावा 1056 फ्री कैंप लगाकर मरीजों को देखा गया।आई बैंक के जरिए 155 लोगों ने आंखें दान की। 11 लोगों को अस्पताल ने आंखें लगाकर रोशनी वापस दी।यही नहीं दिल्ली में आंखों की मरीजों को जरूरत पड़ने पर 136 आंखें दिल्ली भेजी गई।अब भी सबसे ज्यादा मरीज डालमियां अस्पताल में देखे जाते हैं। सुबह से ही मरीजों का पहुंचना शुरू हो जाता है।



डॉ. किशोरी लाल




अस्पताल

**राजनेताओं ने भी किया सहयोग**

डालमिया अस्पताल के निदेशक डॉ किशोरी लाल बताते है,कि सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके अस्पताल में सहयोग किया।पूर्व मंत्री आजम खां,पूर्व सांसद सांसद बेगम नूर बानो,पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना के अलावा रामपुर की आवाम का भी उनको प्यार मिला है।

इसके अलावा कई कारोबारियों ने भी सहयोग किया है। अब उनके अस्पताल में सोलर पैनल की व्यवस्था ज्वाला नगर निवासी विनोद बिहारी जैन करवा रहे है।मुफ्ती महबूब अली के बेटे ने अमेरिका से फोन करके अस्पताल में एक कमरा बनवाया है।

# पुलिस की गोली लगने से गैंगस्टर एक्ट का आरोपी घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** थाना गंज पुलिस द्वारा थाना भोट पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के आरोपी सहित दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। इस दौरान दो तमंचे, खोखा व जिंदा कारतूस भी पुलिस ने बरामद किया।

**गंज थाना क्षेत्र मामला, पुलिस ने कराया भर्ती**

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते रविवार रात को गंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान रफत धर्मकाटा से चाकू चौक को जाने वाले रास्ते पर एक मोटरसाइकिल पर 2 संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी।आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में मोबीन पुत्र नब्बू निवासी खण्डिया थाना अजीम नगर टांग में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे गिरफ्तार कर लिया। रिजवान पुत्र जहूर निवासी जूठिया थाना शहजादनगर मौके से भागने का प्रयास करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 2 तमंचे 315 कारतूस व एक मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद की। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।घायल आरोपी मोबीन पुत्र नब्बू निवासी खंडिया थाना अजीमनगर हाल निवासी नई बस्ती थाना गंज भोट पर पंजीकृत गैंगस्टर के अभियोग में वांछित चल रहा था।



पुलिस की गिरफ्त घायल

# बिना मानकों के चल रहे निजी अस्पतालों पर कार्यवाही की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** क्षेत्र में मानकों के विपरीत संचालित किए जा रहे निजी अस्पतालों की जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर सभासद प्रतिनिधि रवि गोला ने जनसुनवाई के माध्यम से मुख्य चिकित्साधिकारी को शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र के कुछ निजी अस्पतालों में आवश्यक मानकों और निर्धारित नियमों का पालन किए बिना मरीजों का उपचार किया जा रहा है। आरोप है कि कुछ स्थानों पर बिना अधिकृत चिकित्सकों के मरीजों का इलाज किया जा रहा है।अलावा मरीजों को महंगी दवाएं उपलब्ध कराने की शिकायत भी की गई है। रवि गोला ने संबंधित निजी अस्पतालों की व्यापक जांच कराने की मांग की है।चिकित्सकों की योग्यता एवं पंजीकरण, अस्पताल के दस्तावेज, उपचार की व्यवस्था तथा दवा बिक्री से संबंधित नियमों की जांच कराने का अनुरोध किया है। कहा कि जांच के दौरान यदि किसी अस्पताल में नियमों और मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो सके।

# सफदरगंज की नवीन शाखा भवन का शिलान्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड की शाखा सफदर गंज के नवीन भवन का शिलान्यास सोमवार को प्रातः 10:30 बजे विधिवत रूप से संपन्न हुआ। नवीन भवन का शिलान्यास जिला सहकारी बैंक केअध्यक्ष मोहनलाल सैनी के कर-कमलों द्वारा किया।

कार्यक्रम के दौरान बैंक के खाताधारकों एवं ग्राहकों को पुष्प एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर बैंक के प्रति ग्राहकों के विश्वास एवं सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।शाखा सफदरगंज के नवीन भवन का शिलान्यास क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार एवं ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बैंक प्रबंधन के इस कदम का स्वागत करते हुए नवीन भवन के निर्माण के लिए बधाई दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन मारिया खान, शाखा प्रबंधक, शाखा सफदरगंज द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों, सम्मानित ग्राहकों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रकाश त्रिपाठी, सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी,जिला सहकारी बैंक, सुदर्शन शर्मा , प्रबंधक प्रशासन, नीलम गुप्ता, क्षेत्रीय संचालक, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड सहित बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, सम्मानित खाताधारक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



बैंक अध्यक्ष को फूलों का गुलदस्ता देती शाखा प्रबंधक

# भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना पर गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** शाहबाद गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर नगर में श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्ति के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की।इस अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा को नगर की मेन मार्केट से होते हुए गाजे-बाजे और जयकारों के बीच मोहल्ला हकीमान स्थित चामुंडा माता मंदिर तक ले जाया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

भगवान गणेश के जयकारों के साथ चामुंडा माता मंदिर पहुंचने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और आरती कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। इस दौरान गणेश चतुर्थी को लेकर बच्चों, युवाओं और महिलाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 3 सभासद प्रतिनिधि रवि गोला पूर्व सभासद गणेश बरनवाल, वरुण बरनवाल, अभिमन्यु आकाश, बादल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल भक्त

# 800 मीटर सड़क डेढ़ साल में ही उखड़ी, ग्रामीण परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** अलीनगर जागीर और अलीनगर उत्तरी गांवों को जोड़ने वाली करीब 800 मीटर लंबी लिंक सड़क मरम्मत के महज डेढ़ साल बाद ही उखड़ने लगी है। सड़क पर जगह-जगह बजरी गायब होने से गहरे गड्ढे बन गए हैं।

इससे ग्रामीणों के साथ ही विद्यार्थियों और किसानों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए दोबारा निर्माण कराने की मांग की है। करीब दस वर्ष पहले गन्ना विभाग की ओर से स्वार- मुंशीगंज मार्ग से जोड़ने के लिए इस लिंक सड़क का निर्माण कराया गया था। पिछले दो वर्षों से सड़क की हालत बेहद खराब थी।करीब डेढ़ साल पहले सड़क पर पैकिंग वर्क कराया गया, लेकिन मरम्मत के कुछ समय बाद ही सड़क फिर से उखड़ने लगी। वर्तमान में कई स्थानों पर सड़क की बजरी पूरी तरह गायब हो चुकी है।गहरे गड्ढे बन गए हैं।इस मार्ग से अलीनगर जागीर और अलीनगर उत्तरी के अलावा जामिनगंज और बूढ़ी दढ़ियाल गांव भी जुड़े हैं।

रोजाना ग्रामीण, किसान और छात्र-छात्राएं इसी रास्ते से आवागमन करते हैं।सड़क खराब होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया।जिसके चलते काम होने के कुछ समय बाद ही सड़क दोबारा खराब हो गई।



टूटी पड़ी सड़क

# प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर पट्टी कुंदन ब्लॉक चमरौआ में हिंदी पखवाड़ा का प्रारम्भ हुआ।हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर स्कूल में कविता पाठ की प्रतियोगिता कराई।प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 6, 7,8 के बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।अपने-अपने पाठकों के कविताएं सुंदर ढंग से प्रस्तुत की कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक धर्मवीर ने किया। प्रतियोगिता को प्रारंभ करते हुए प्रधानाध्यापक रवि माथुर द्वारा हिंदी भाषा की महत्व तथा भारतीय संस्कृति तथा नवजागरण में हिन्दी की उपयोगिता पर चर्चा की।बताया की निज भाषा ही सभी उन्नतियों का साधन है अतः हमें अपनी मातृभाषा का प्रयोग करने में कभी झिझकना नहीं चाहिए हिंदी एक ऐसी माध्यम है। जिसने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोकर रखा है।बच्चों द्वारा विभिन्न कवियों जैसे जयशंकर प्रसाद, रामधारी सिंह दिनकर, सुभद्रा कुमारी चौहान, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना आदि की कविताओं का पाठन किया।जिसे सभी उपस्थित लोगों द्वारा सराहा गया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से साक्षी प्रथम स्थान बबली कक्षा 8 तथा भावना तथा शिवानी कक्षा 6 ने बाजी मारी।सहायक अध्यापक धर्मवीर ने ने बताया कि 14 सितंबर 1949 में हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिला।विभिन्न लेखकों व कवियों के कार्यों से भाषा और सुदृढ़ हुई है।




पुरस्कार के साथ मौजूद बच्चे

यह भाषा देश को एक सूत्र में पिरोती है और एक रखती है। सहायक अध्यापक धर्मवीर द्वारा बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। गायन प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा पाठयपुस्तकों से प्रसिद्ध कवियों की कविताओं का गायन किया, जिसे समस्त उपस्थित लोगों द्वारा सराहा गया। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में रवि माथुर, धर्मवीर, मित्रपाल ग्राम प्रधान कमलेश ने सक्रिय योगदान दिया।

**जागरूक** — अपर निदेशक ने मिलक और चमरौआ के गांवों का भ्रमण कर जानी टीकाकरण की स्थिति

# पशुओं के टीकाकरण का सत्यापन कर पशुपालकों को किया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** पशुओं को संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान की जमीनी हकीकत परखने के लिए अपर निदेशक ग्रेड-2 पशुपालन विभाग, मुरादाबाद मंडल, डॉ. जगदीश प्रसाद ने जनपद के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। विकासखंड मिलक की ग्राम पंचायत मेहती नगर व मेघा नगला तथा चमरौआ के ग्राम चिकना व बिजइयां में पहुंचकर लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडीओ), खुरपका-मुंहपका और एचएस टीकाकरण समेत पशुपालन विभाग की अन्य योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया।

अपर निदेशक ने टीकाकरण टीम के रजिस्टरों का मिलान किया और पशुपालकों के घर जाकर पशुओं के टीकाकरण की स्थिति की जांच की।अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सत्यापन के दौरान टीकाकरण कार्य सुचारु रूप से संचालित पाया गया।इस दौरान मेघानगला, चिकना और बिजइयां में जन-जागरूकता शिविर भी लगाए गए। शिविरों में पशुपालकों को लम्पी स्किन डिजीज के लक्षणों, बचाव और संक्रमण को फैलने से रोकने के उपायों की जानकारी दी।डॉ. जगदीश प्रसाद ने कहा कि समय पर टीकाकरण, साफ-सफाई और पशुओं की नियमित निगरानी से बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। पशुपालकों से अपने पशुओं का टीकाकरण कराने तथा बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सालय को सूचना देने की अपील की।उन्होंने बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने, प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने और ग्रामों में फॉगिंग कराने पर भी जोर दिया।इस अवसर पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अजीत सिंह व डॉ. नौशाद अहमद, टीकाकरण टीम के सदस्य, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।




ग्रामीणों से वातार्लाप करते अधिकारी

## संक्षिप्त समाचार

### बच्ची से दरिंदगी करने वाले को भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सैदनगर।** अजीमनगर पुलिस नें बच्ची से दरिंदगी करने वाले को जेल भेज दिया है। आरोपी ने बच्ची को पकड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश की थी। मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है।गांव निवासी 5 वर्षीय मन बुद्धि बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस का एक युवक बच्ची को बहला फुसलाकर अपने घर ले गया। आरोपी युवक ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। बच्ची के शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग घर के अंदर आ गए।ग्रामीणों को आता देख आरोपी बच्ची को छोड़कर फरार हो गया। दुष्कर्म की कोशिश की सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने जंगल में जाकर भाग रहे आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दिलपुरा गांव निवासी ओम प्रकाश उर्फ गुड्डु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने बताया पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### भगवान गणेश को किया विराजमान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** डायमंड कालोनी निवासी भाजपा महिला कार्यकर्ता मनु सक्सेना ने बताया कि बप्पा की असीम अनुकंपा से इस वर्ष लगातार नौवीं बार हमारे निवास स्थान पर 'गायत्री पुरम के राजा विराजमान हुए हैं। बप्पा की मंगलमय स्थापना और पूजा-अर्चना विधि-विधान से संपन्न हो चुकी है।बप्पा हमारे गृह पर अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर तक विराजमान रहेंगे। सुविधानुसार किसी भी दिन दर्शन के लिए पधार सकते हैं।

### मासूम से अश्लील हरकत करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हसनपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।6 सितंबर को नगर के एक कॉलोनी में कक्षा दो में पढ़ने वाली 8 वर्षीय छात्रा अपने पड़ोस में ट्यूशन पढ़ने गई थी।आरोप है कि ट्यूशन पढ़ाने वाली महिला के भाई ने छात्रा को बहला-फुसलाकर कमरे में बंद कर लिया और उसके साथ अश्लील हरकतें की। आरोपी ने किसी को बताने पर छात्रा और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।घर लौटने पर छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई।इसके बाद परिजन गंभीर छात्र को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर गंभीर छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया।इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सोमवार की सुबह नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

### यूनियन बैंक में आधार सेवा के नाम पर अवैध वसूली की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** यूनियन बैंक में नए आधार कार्ड बनवाने और आधार में संशोधन के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि लिए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अधिवक्ता इमरान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया कि बैंक परिसर में आधार संबंधी कार्य कराने के लिए आने वाले लोगों से निर्धारित शुल्क से अधिक रकम ली जा रही है।नए आधार कार्ड बनवाने के साथ ही नाम, पता और अन्य विवरणों में संशोधन कराने के नाम पर भी अतिरिक्त धनराशि वसूली जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इससे आम लोगों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।अधिवक्ता इमरान ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आधार सेवा के नाम पर की जा रही अतिरिक्त वसूली पर रोक लगाने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

### सर्पदंश से दुकानदार की हालत बिगड़ी,रेफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** नगर में दुकान पर काम करते समय एक खाद-बीज व्यापारी को सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शाहबाद लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत स्थिर न होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया।नगर के मोहल्ला अमीर अली खां निवासी विनय गुप्ता नगर पंचायत कार्यालय के सामने खाद-बीज की दुकान चलाते हैं। बताया गया कि रविवार देर शाम बारिश से बचाव के लिए वह दुकान में रखा सामान हटा रहे थे। इसी दौरान दीवार से अचानक निकले सांप ने उनके हाथ की उंगली में डस लिया।सर्पदंश के बाद विनय की हालत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उन्हें सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उन्हें एंटी-वेनम दिया। हालत में अपेक्षित सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार बताया गया, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया।

### शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** एससी/एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ नीपा से राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त नव-नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी शाहबाद बबीता सिंह से शिष्टाचार भेंट की। प्राप्त पुरस्कार के लिए बधाई दी। वार्ता के दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम, कोषाध्यक्ष रमेश पाल सिंह और उपाध्यक्ष मुनेन्द्र प्रताप सिंह अशोक बाबू जिला सदस्य ने खंड शिक्षा अधिकारी को बुके भेंटकर उनका स्वागत किया। वार्ता के दौरान संगठन के पदाधिकारियों और उपस्थित शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को पूर्ण निष्ठा, कड़ी मेहनत और समयबद्धता के साथ शिक्षण कार्य करने का संकल्प जताया।कहा कि ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था को आदर्श बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। महत्वपूर्ण शिष्टाचार वार्ता के अवसर पर जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम, रमेशपाल सिंह,मुनेन्द्र प्रताप सिंह,वीर सिंह के साथ-साथ एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य प्रेमचंद जिला उपाध्यक्ष अशोक रावत ब्लॉक अध्यक्ष चमरौआ,अशोक बाबू जिला सदस्य, धर्मवीर सिंह,सुरेश कुमार,सुनील कुमार, ज्ञान सिंह बौद्ध जिला उपाध्यक्ष चमन सिंह गौतम, जिला प्रवक्ता सिद्धार्थ गौतम और विजय कुमार जिला उपाध्यक्ष सहित कई शिक्षक और कार्यकारिणी के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



खंड शिक्षाधिकारी को सम्मानित करते शिक्षक

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com





गाजियाबाद, मंगलवार, 15 सितंबर 2026

# हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ देश की एकता और सांस्कृतिक विरासत की पहचान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** गोसेवा गोपाल सेवा समिति द्वारा सोमवार को प्रिंस पार्क में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी भाषा के महत्व एवं उसके प्रचार-प्रसार पर विचार-विमर्श

### हिंदी दिवस पर हिंदी के सम्मान और प्रचार का लिया संकल्प

किया गया। समिति के महामंत्री नरेश चंद्र शर्मा ने हिंदी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ-साथ देश की एकता और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। सभी को हिंदी भाषा के अधिक से अधिक प्रयोग और प्रचार-प्रसार के लिए प्रयास करना चाहिए।समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी

कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। हमें अपने दैनिक जीवन में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए आने वाली पीढ़ी को भी हिंदी के प्रति जागरूक करना चाहिए। हिंदी को सम्मान देना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा, पंडित संतोष कुमार शर्मा, अमित गुप्ता, राज कुमार सिंह, मधु बंसल, बीना अग्रवाल, राम किशोर शर्मा, मीना अग्रवाल सहित गोसेवा गोपाल सेवा समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने हिंदी के सम्मान, संरक्षण और प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

## स्कूल में राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में आज राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा सुंदर बोर्ड डेकोरेशन किया गया ,व उसी की थीम पर एक रंगोली भी बनाई गई ।

प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह के द्वारा सभी बच्चों को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाए जाने के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया प्रधानाध्यापिका ने बताया कि आज के दिन नई पीढ़ी को हिंदी भाषा के प्रति जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर कक्षा चार व पांच के बच्चों ने हिंदी दिवस से संबंधित कुछ पंक्तियां बोली तो वही कक्षा 1,2 व 3 के बच्चों ने कविताएं सुनाई। कुछ बच्चों के द्वारा हिंदी की



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे

किताबों की रीडिंग भी की गई तो कक्षा 4 व 5 के बच्चों के द्वारा लाइब्रेरी की किताबों की रीडिंग की गई। कक्षा 5 की छात्रा अलिफजा के द्वारा झांसी की रानी की वीरता की गाथा गाई गई ।इस अवसर पर नेहा गुप्ता, विक्रम कुमार, हुमा, निदा खान आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रबी फसलों के बीजों के लिए 30 सितम्बर तक करें ऑनलाइन बुकिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में रबी फसलों के बीजों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है। किसान गेहूं, तोरिया, चना, मटर, मसूर एवं राई-सरसों के बीजों की बुकिंग करा सकते हैं। ऑनलाइन बुकिंग की अंतिम तिथि 30 सितम्बर निर्धारित की गई है।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद को रबी फसलों के बीजों का लक्ष्य भी प्राप्त हो गया है। इसमें गेहूं 12,618.40 कुंतल, तोरिया 3 कुंतल, चना 13.50 कुंतल, मटर 123.80 कुंतल, मसूर 97.72 कुंतल तथा राई-सरसों 37.78 कुंतल बीज का लक्ष्य शामिल है। इसके अतिरिक्त तोरिया के 250, चना के 100, मटर के 250, मसूर के 424 तथा राई-सरसों के 1,850 मिनीकिट का लक्ष्य भी प्राप्त हुआ है।जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी कृषकों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय से ऑनलाइन बुकिंग कराकर योजना का लाभ उठाएं।

### लखनऊ में हुए शिखर सम्मेलन में नजीब खां सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**रामपुर।** मशहूर मोबाइल व्यापारी और फ्रेंड्स टेलीकॉम राज द्वारा के डीलर नजीब खां को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम टेक्नो मोबाइल टेकग्रिंडएक्स के शिखर सम्मेलन में नजीब खां को पार्टिसिपेशन का सर्टिफिकेट दिया गया है। टेक्नो मोबाइल की ओर से हुए इस कार्यक्रम में जहां प्रदेश भर से मोबाइल डीलरों को बुलाया गया था वहीं रामपुर शहर से सिर्फ नजीब खां को ही बुलाया गया था जिन्हें सब से ज्यादा मोबाइल बेचने पर सम्मानित किया गया है।

### शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** तारक एजुकेशनल एकेडमी पटवाई में 'हिंदी दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने के लिए कक्षा अनुसार विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

दिवस का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुआ।उसके बाद किंडरगार्टन वर्ग से लेकर सीनियर वर्ग तक की सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, कविता वाचन एवं भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। छोटे बच्चों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर हिंदी भाषा के महत्व को दशार्या। इसके साथ ही सीनियर वर्ग की कक्षा के विद्यार्थियों ने निबंध और ओजस्वी कविताओं के माध्यम से हिंदी के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र सिंह



पोस्टर दिखाती छात्राएं

ने कहा कि हिंदी केवल हमारी भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और स्वाभिमान का प्रतीक है। आज के तकनीकी युग में भी हिंदी का दायरा विश्व स्तर पर लगातार बढ़ रहा है। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए।बच्चों को बचपन से ही हिंदी के शुद्ध उच्चारण और लेखन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।इस गरिमामय अवसर पर उप-प्रधानाचार्य अमित बनर्जी तथा स्कूल हेड्स पूजा अरोड़ा एवं कुलदीप कौर की विशेष उपस्थिति रही।कार्यक्रम के सफल संचालन और व्यवस्था में विद्यालय के सम्मानित शिक्षक-शिक्षिकाओं—नसरीन, ज्योति देवांशी, श्वेता, कमला, नरेंद्र एवं अन्य समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## फैजान ने आजाद समाज पार्टी की सदस्यता की ग्रहण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** शहर के मोहल्ला घेर हसन खान, पक्का पुल, रामपुर निवासी फैजान खान ने नगीना गेस्ट हाउस में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बहुजन समाज के प्रमुख नेता चंद्रशेखर आजाद से भेंट की।

जिसमें पार्टी के संगठन को मजबूत करने तथा बहुजन समाज के हितों को लेकर कार्यकर्ताओ को सक्रिय करने पर जोर दिया गया। चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी लगातार देशभर में सामाजिक न्याय, ओर बहुजन समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर काम कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेर्शानुसार जिला अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह द्वारा फैजान खान को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर महासिंह जिला प्रभारी, जुल्फिकार अली एडवोकेट जिला प्रभारी एवं यूसुफ अली जिला उपाध्यक्ष द्वारा फूल मालाओं से उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। फैजान खान ने चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा बहुजन समाज के अधिकारों की आवाज को मजबूत करने का संकल्प लिया। पदाधिकारियों ने उनके पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई।



फैजान खां को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते पदाधिकारी

## रामपुर के शिक्षक शाहजहांपुर में सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उप्र द्वारा आईसीटी एवं एआई विषय की राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन शाहजहांपुर में किया गया। जिसमें राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा आईसीटी एवं एआई के नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें रामपुर से मोहित सक्सेना प्राथमिक विद्यालय भोट बक्काल ब्लॉक स्वार,श्वेता दुहन उच्च प्राथमिक विद्यालय सैफनी नवीन ब्लॉक शाहबाद, रेनू सिंह मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्ला खेड़ा ,कुशल राणा प्राथमिक विद्यालय मुडिया मनकरा ब्लॉक बिलासपुर के द्वारा प्रस्तुतिकरण में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का संचालन श्वेता दुहन एवं कुशल राणा द्वारा संयुक्त रूप से किया।अतिथियों द्वारा बेसिक शिक्षा में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की गई।अन्त में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




पुरस्कार के साथ मौजूद शिक्षक

## ओबीसी कॉलम और ड्रॉप-डाउन सूची जोड़ने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा है। इस ज्ञापन में जनगणना-2027 के फॉर्म में ओबीसी वर्ग का अलग

### कांग्रेसियों का जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन

कॉलम जोड़ने और जातियों की एक ड्रॉप-डाउन सूची प्रगणकों के माध्यम से नागरिकों को उपलब्ध कराने की मांग की गई है।ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने सरकार की वर्तमान नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

वादे से मुकरनी का आरोपः कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा 2024 चुनाव के दौरान विपक्ष के भारी दबाव में भाजपा सरकार ने 2027 में ओबीसी वर्ग की जनगणना कराने का वादा किया था। लेकिन 14 अगस्त 2026 को जारी



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेसी

जनगणना अधिसूचना में ओबीसी का कॉलम नहीं जोड़ा गया है।ओपन-एंडेड प्रश्न पर आपत्तिः सरकार द्वारा जाति की जानकारी दर्ज करने के लिए अपनाए ओपन-एंडेड (खुले प्रश्न) तरीके का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। पार्टी का मानना है कि इस तरीके से जातियों की गिनती करने का मतलब हर जाति को सैकड़ों-हजारों उप जातियों में बांट देना है।पिछड़ों को नुकसानः कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि इस व्यवस्था से पिछड़े और अन्य वंचित वर्गों को सीधा नुकसान होगा। इसके कारण उनकी सही आबादी, शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति का सटीक आकलन करने के लिए सही आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पाएंगे।देश की एक बड़ी आबादी (ओबीसी वर्ग) को उसकी आबादी के अनुपात में सही हिस्सेदारी, आरक्षण और प्रतिनिधित्व देने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। सही जातिगत जनगणना कराई जाए।

**यह रहे मौजूद**

धर्मेन्द्र देव गुप्ता,नोमान खां,आरिफ अल्वी,शाहिद ,मनी कपूर, मुसर्रत अली खां, महेंद्र यदुवंशी, मकसूद अंसारी, अकरम सुलतान,डॉक्टर इफ़्तेकार अली, सभासद आसिब खां, हरीश बाबू भारती,अशोक कुमार,डॉक्टर महेंद्र सिंह लोधी,रघुवीर सिंह,असलम,नाजिम अली,आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को हिंदी भाषा के बारे में बताया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** यूपीएस कंपोजिट विद्यालय बेलखेड़ी विकास क्षेत्र बिलासपुर में हिंदी दिवस मनाया गया जिसमें बच्चों को हिंदी भाषा के बारे में बताया। हिंदी हमारी मात्र भाषा है जो बेहद सरल एवं सुसज्जित है। हमें अपनी मातृभाषा में बातचीत करनी चाहिए। हिंदी में बात करने से हमारी वाणी में एक मिठास जैसी घुल जाती है। वर्तमान समय में हमारी नई पीढ़ी आधी इंग्लिश और आधी हिंदी में बात करते हैं जिससे कि हमारी हिंदी की पहचान धूमिल सी होती चली जा रही है। हमें अपनी मातृभाषा हिंदी में बात करने में गर्व महसूस करनी चाहिए। बच्चों ने पोस्टर भी बनाए।



स्कूल में बनाए गए पोस्टर दिखाते बच्चे

## सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण चाकू चौक मार्ग में काफी गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं।ऐसे में लोग हादसे का शिकार हो सकते हैं लेकिन विभागीय अधिकारियों को कोई सुध नहीं है।

### लोगों को आने जाने में आ रही परेशानियां

मालूम हो कि चाकू चौक मार्ग जोकि निर्माण खंड के अधीन है। करीब एक साल पहले इस मार्ग पर विभाग द्वारा लाखों रुपयों की लागत से कार्य कराया गया था। इसके बाद भी सड़क जर्जर हालत में है। यही हाल खौद भमरोआ रोड का यही हाल है। इस मार्ग की स्थिति तो काफी जर्जर है।कई बार तो राहगीरो के वाहन भी पलट चुके हैं। ग्रामीणों ने मार्ग की सही कराए जाने के लिए मांग की गई। लेकिन इसके बाद भी सड़क काफी जर्जर हालत में है।इसके अलावा हमसफर चौक से जौहर यूनिवर्सिटी की और जाने वाले मार्ग भी काफी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है। इस मार्ग की स्थिति कॉफी बद से बदतर है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग की स्थिति सुधारने के लिए कई बार विभागीय जिम्मेदारों से कहा गया है लेकिन इसके बाद भी सड़क की हालत काफी जर्जर है।



गहरे गड्ढे में तब्दील चाकू चौक की सड़क

## अभियान चलाकर तंबाकू विक्रेताओं को किया चेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दीपा सिंह के दिशा निर्देशन में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ शहजाद हसन खान एवं थाना एएचटीयू के थानाध्यक्ष संजीव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से कोटपा अधिनियम के अनुपालन के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्कूलों के आसपास एवं सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तंबाकू विक्रेताओं को चेक किया।जिसमें कुल 5 तंबाकू विक्रेताओं पर कोटपा अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत एवं 4 तंबाकू विक्रेताओं पर कोटपा अधिनियम की धारा 6 अ के अंतर्गत जुमार्ना किया गया एवं ऐसे तंबाकू विक्रेता जो कि किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार कर करते पाए उनको तत्काल प्रचार प्रसार हटवाया। भविष्य में कभी न करने की चेतावनी दी। इस जुमार्ना अभियान में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम एवं थाना एएचटीयू की टीम उपस्थिति रही।



दुकानों पर चेकिंग करती टीम

### जामा मस्जिद में किसी को भी फोटो खींचने या रील की अनुमति नहीं: इमाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जामा मस्जिद के इमाम मौलवी फैजान खां जामा मस्जिद में रील बनाने को लेकर नाराजगी जताई, कहा कि रील बनाने वालों पर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी। वहीं जामा मस्जिद के सचिव मुकर्रम रजा खां इनायती ने कहा कि 11 सितंबर को एक लड़की द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल की गई है। जो कि आपत्ति जनक है। जामा मस्जिद जैसी मुकद्दस जगह पर इस तरह की हरकत गलत है। कमेटी ने मामले की जांच की। इस हरकत में शामिल लोंगो का पता लगाया गया है। अब उनके खिलाफ कमेटी की ओर से कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी।जामा मस्जिद में किसी को भी फोटो खींचने या रील की अनुमति नहीं है।



इमाम मौलवी फैजान खां

## सौंपा ज्ञापन — एमआरआई मशीन न होने से आम जनता आ रही परेशानियां

# अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को लेकर व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सभी पदाधिकारी एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग में आ रही समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम को ज्ञापन सौंपा। इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में भारी तादाद में डॉक्टर की कमी है। जिसकी वजह से जनता बुरी तरह से तड़प रही है। विभिन्न रोगो के डॉक्टर जैसे किडनी, लीवर ,न्यूरोलॉजिस्ट,जनरल फिजिशियन ,डेंटल आदि के डॉक्टर ना होने से जनता परेशान है इतनी बड़ी बिल्डिंग इमारत होने का कोई फायदा व लाभ नहीं है जब वहां पर इलाज करने के डॉक्टर ही नहीं है इस संबंध में पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है साथ ही एमआरआई मशीन के न होने से आम जनता को 7000 में मुरादाबाद जाकर प्राइवेट हॉस्पिटल में एमआरआई करना पड़ रहा है। इस संबंध में व्यापार मंडल के अनुरोध पर कुछ समय पूर्व एमआरआई मशीन स्वीकृत हो चुकी है लेकिन विभाग की लापरवाही से मशीन है मशीन का कार्य स्थापना लंबित है। व व्यापार मंडल के अनुरोध पर मेडिकल कॉलेज 600 बेड का स्वीकृत हो चुका है लेकिन जिला चिकित्सालय की लापरवाही से ग्राम जगतपुर और ग्राम बेनजीर की उद्यान विभाग की 100 बीघा भूमि हस्तांतरण होने में ढील हो रही है।

इस पर भारी नाराजगी व्यक्त की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, नजाकत रायन ,गोपाल शर्मा, शराफत खान,शहीद खुसरो, इरफान खान ,मुकर्रम, हाजी मुनव्वर सलीम, अलीम खान, रशीद खान ,लालमन सैनी, पुलकित अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुदेश यादव, राजू सुमन आदि पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे है।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

## हिंदी के साथ सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए:नितिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, सम्मान व शुद्ध हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा तथा विद्यार्थियों द्वारा बोलते समय उनकी अभिव्यक्ति, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से आज कंपोजिट उच्च प्राथमिक विधालय अलीपुर ठेका में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का आयोजन बाल संसद के सांस्कृतिक व पुस्तकालय विभाग द्वारा किया। जिसमे कक्षा बार हिंदी दिवस का परिचय, हिंदी भाषा का महत्व, कविता पाठ, हिंदी वर्णमाला गतिविधि, शब्द पहचानों, भाषण, हिंदी शब्द ज्ञान, हिंदी क्विज, चित्र देखकर कहानी बनाओ, स्लोगन, समाचार पत्र का पठन व वाचन आदि अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा 1 की जीनत ने चित्र देखकर कहानी सुनाई।कक्षा 2 के दानियाल तथा कक्षा 3 के शौर्य ने कविता का वाचन किया।उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षा 6 की इकरा ने मेरी भाषा मेरे गौरव, कक्षा 7 के मुनीर ने हिंदी भाषा का महत्व तथा कक्षा 8 के आसिम ने हिंदी हमारी पहचान विषय पर अपनी प्रस्तुति दी अध्यापक मदन मोहन सिंह ने कहा कि हिंदी का ज्ञान हमें अन्य विषयों की पढ़ाई के लिए सरल मार्ग तैयार करता है. इसलिए जरूरी है कि अन्य विषयों पर पकड़ बनाए रखने के लिए हमें हिंदी का ज्ञान होना अत्यंत जरूरी है.इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नितिन राजपूत ने कहा हिंदी केवल हमारे विचारों को व्यक्त करने का माध्यम ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं से जुड़ी भाषा है। जिससे हमें अत्यंत लगाव है. हमें हिंदी के साथ-साथ भारत की सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए और अपनी भाषा को शुद्धता एवं आत्मविश्वास के साथ बोलना, पढ़ना और लिखना चाहिए। इस अवसर पर नितिन राजपूत, मदन मोहन सिंह, अरमान, हुसैन, जिया, जुबेर, जीनत, अल्विनत,अलकाबिया, फात्मा, अब्दुल रहमान, शाकिब, रिदा, नूरसबा उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# बांग्लादेश की सामरिक दिशा के ठोस संकेत



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पाकिस्तान की मुख्य भूमिका वाले समझौतों से जुड़ने की इच्छा और चीनी हथियार प्रणालियों को खरीदने का फैसला बांग्लादेश की नई सामरिक दिशा के ठोस संकेत हैं। भारत को इससे उचित संदेश ग्रहण करना चाहिए।

बांग्लादेश ने पुष्टि कर दी है कि वह चीन में बने 4.5वीं पीढ़ी के जे-10सीई लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा है। इसके अलावा वह चीनी लड़ाकू हेलीकॉप्टर, वीआईपी ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर, और ड्रोन्स की खरीदारी भी करेगा। इसका अर्थ है कि अब बांग्लादेश चीन अस्त्र प्रणाली का हिस्सा बनने जा रहा है। इस फैसले का औचित्य बताते हुए बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सूचना एवं प्रसारण सलाहकार जियाउर रहमान ने जो कहा, उस पर भारत को अवश्य ध्यान देना चाहिए। रहमान ने कहा कि पिछले साल मई में भारत और पाकिस्तान की लड़ाई के दौरान खबर मिली कि पाकिस्तान ने जे-10सीई के जरिए भारत के राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराया। उसे ध्यान में रखते हुए ही बांग्लादेश ने उन विमानों को खरीदने का फैसला किया है। कुछ ही रोज पहले बांग्लादेश ने मक्का सुरक्षा समझौते में शामिल होने की इच्छा जताई। हालांकि इस समझौते में शामिल देशों से बांग्लादेश को कोई न्योता नहीं मिला है, मगर संसद में विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने कहा कि अगर आमंत्रण मिलता है, तो उस पर बांग्लादेश सकारात्मक नजरिए से विचार करेगा। मक्का समझौता पाकिस्तान, सऊदी अरब, और तुर्किये के बीच हुआ है। ईरान युद्ध से पश्चिम एशिया में बदली सामरिक स्थितियों के बीच उस क्षेत्र में नई उभरती सुरक्षा व्यवस्था में पाकिस्तान की भूमिका ठोस ढंग से बढ़ रही है। बीते हफ्ते कुवैत ने भी अपनी सेना को प्रशिक्षित करने, खुफिया जानकारी साझा करने, तथा रक्षा तकनीक और सीमा प्रबंधन में सहयोग के लिए पाकिस्तान से नया सैन्य समझौता किया। पाकिस्तान से अपनी सुरक्षा व्यवस्थाओं को जोड़ने के खाड़ी देशों की ताजा सोच के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। एक तो पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार हैं, और दूसरा उसकी तीन चौथाई हथियार प्रणालियां का चीनी सिस्टम से जुड़ी हुई हैं। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश के पाकिस्तान से आम संबंध गहरे हुए हैं। इसी बीच पाकिस्तान की मुख्य भूमिका वाले समझौतों से जुड़ने की इच्छा और चीनी हथियार प्रणालियों को खरीदने का फैसला उसकी सामरिक दिशा के ठोस संकेत हैं। भारत को इससे उचित संदेश ग्रहण करना चाहिए।

**चिंता कभी भी कल के दुख को नहीं छीनती, यह केवल आज के आनंद को नष्ट कर देती है।**

# हिंदी का भविष्य: भावनाओं से आगे, संभावनाओं की भाषा



सत्य भूषण शर्मा,
उदयपुर ( राजस्थान )

हिंदी दिवस पर हर वर्ष एक प्रश्न हमारे सामने खड़ा होता है—क्या हिंदी केवल गौरव करने की भाषा है या भविष्य गढ़ने की भी? यदि हिंदी को केवल कविता, साहित्य और भावनाओं तक सीमित रखा गया तो उसकी संभावनाएँ भी सीमित हो जाएँगी। हिंदी को समय के साथ ज्ञान, विज्ञान, तकनीक, रोजगार और नवाचार की भाषा बनाना होगा। भाषा का वास्तविक सामर्थ्य तभी सामने आता है, जब वह मनुष्य की संवेदनाओं के साथ-साथ उसकी जिज्ञासाओं और आवश्यकताओं को भी अभिव्यक्ति दे।

आज का युवा डिजिटल दुनिया में जी रहा है। वह मोबाइल पर पढ़ता है, इंटरनेट पर जानकारी खोजता है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संवाद करता है और सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात दुनिया तक पहुँचाता है। ऐसे में हिंदी के सामने चुनौती यह नहीं है कि युवा अंग्रेजी क्यों सीख रहा है; वास्तविक चुनौती यह है कि क्या हिंदी उसे आधुनिक ज्ञान की पर्याप्त, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध करा पा रही है?

हिंदी को अंग्रेजी से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय स्वयं को सक्षम और समृद्ध बनाना होगा। दूसरी भाषाओं का ज्ञान हमारी शक्ति है, लेकिन अपनी भाषा के प्रति हीनभावना हमारी कमजोरी है। बहुभाषिक होना आधुनिकता है, मातृभाषा से दूर होना आधुनिकता नहीं। हमें ऐसी शिक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें विद्यार्थी अपनी भाषा में विषय को गहराई से समझ सके और आवश्यकता के अनुसार दूसरी भाषाओं के ज्ञान का भी उपयोग कर सके।

हिंदी की सबसे बड़ी विशेषताओं में उसकी व्यापकता और आत्मसात करने की क्षमता शामिल है। उसने समय-समय पर विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों से शब्द ग्रहण किए हैं। आज विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और डिजिटल दुनिया में लगातार नए शब्द जन्म ले रहे हैं। हिंदी को इनसे घबराने के बजाय उन्हें सहजता से अपनाना होगा। हिंदी को कृत्रिम रूप से कठिन और बोझिल बनाने के बजाय सरल, वैज्ञानिक, सहज और आधुनिक बनाना समय की आवश्यकता है।

शिक्षा के क्षेत्र में हिंदी की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तक यदि गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री हिंदी में उपलब्ध हो, तो लाखों विद्यार्थी अपनी समझ और प्रतिभा के अनुरूप बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून, प्रबंधन, विज्ञान और तकनीकी विषयों की श्रेष्ठ पुस्तकों, व्याख्यानों और डिजिटल सामग्री का हिंदी में विस्तार आवश्यक है। केवल अनुवाद पर्याप्त नहीं होगा; हमें मौलिक हिंदी ज्ञान-संसाधनों का निर्माण करना होगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीक हिंदी के लिए अभूतपूर्व अवसर लेकर आए हैं। वाणी से पाठ, पाठ से वाणी, मशीन अनुवाद, डिजिटल पुस्तकालय, ऑनलाइन शिक्षा और एआई आधारित शिक्षण जैसे क्षेत्र हिंदी को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं। यदि हिंदी के विशाल साहित्य और ज्ञान-संसार को डिजिटल रूप में व्यवस्थित किया जाए तथा तकनीकी प्रणालियों के लिए गुणवत्तापूर्ण हिंदी डेटा उपलब्ध कराया जाए, तो हिंदी डिजिटल युग की प्रमुख भाषाओं में और अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकती है।




रोजगार के क्षेत्र में भी हिंदी को नई संभावनाओं से जोड़ना होगा। पत्रकारिता, डिजिटल मीडिया, कंटेंट निर्माण, अनुवाद, विज्ञापन, तकनीकी लेखन, पर्यटन, ई-कॉमर्स और मनोरंजन उद्योग में हिंदी की मांग निरंतर बढ़ रही है। आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं को हिंदी के साथ डिजिटल कौशल, तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाए, ताकि भाषा उनके लिए केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि आजीविका का साधन भी बने।

हिंदी की वैश्विक संभावनाओं पर भी गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। भारत से बाहर बसे भारतीय समुदायों, हिंदी फिल्मों, संगीत, साहित्य और डिजिटल माध्यमों ने हिंदी को विश्व के अनेक हिस्सों तक पहुँचाया है। अब आवश्यकता है कि इस सांस्कृतिक लोकप्रियता को ज्ञान और तकनीक की शक्ति से जोड़ा जाए। हिंदी जितनी अधिक आधुनिक विषयों से जुड़ेगी, उतना ही उसका वैश्विक प्रभाव बढ़ेगा।

हिंदी दिवस का उद्देश्य केवल यह कहना नहीं होना चाहिए कि हिंदी हमारी शान है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हिंदी हमारे बच्चों के सपनों, वैज्ञानिकों के शोध, युवाओं के रोजगार, उद्यमियों के नवाचार और समाज के भविष्य की भाषा भी बने। हिंदी के प्रति सच्चा सम्मान केवल भाषणों में नहीं, बल्कि उसके उपयोग और विकास के ठोस प्रयासों में दिखाई देगा।

भाषा तभी जीवित और प्रासंगिक रहती है, जब वह समय के साथ चलती है। इसलिए हिंदी को बचाने की नहीं, हिंदी को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। हमें ऐसी हिंदी चाहिए जो परंपरा से जुड़ी हो, लेकिन भविष्य से संवाद करने में सक्षम हो; जो संवेदनशील हो, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से भी समर्थ हो; जो साहित्य की भाषा हो, लेकिन प्रयोगशाला, कक्षा, कार्यालय और डिजिटल संसार में भी समान आत्मविश्वास से उपस्थित हो।


आने वाला समय उन भाषाओं का होगा जो तकनीक के साथ कदम मिलाएँगी और नई पीढ़ी को ज्ञान के अवसर उपलब्ध कराएँगी। इसलिए हिंदी के सामने भविष्य कोई संकट नहीं, बल्कि एक विशाल संभावना है। जरूरत केवल दृष्टिकोण बदलने की है।

**याद रखना होगा—**

जिस भाषा में भविष्य के सपने देखे जाएँ और उन्हें साकार करने का ज्ञान भी मिले, वही भाषा वास्तव में भविष्य की भाषा बनती है।

## वैश्विक स्तर पर हिंदी के विरुद्ध षड्यंत्र या बाजार की रणनीति?

इक्कीसवीं सदी का विश्व मूलतः उपभोक्तावाद की धुरी पर घूम रहा है। उत्पादन, विपणन, संचार, मनोरंजन, तकनीक और संस्कृति—लगभग प्रत्येक क्षेत्र में बाजार की शक्ति निर्णायक होती जा रही है। ऐसे समय में भाषा केवल भावों और विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि वह बाजार तक पहुंचने, उपभोक्ता का विश्वास जीतने और उत्पाद को उसकी संवेदना से जोड़ने का सबसे प्रभावी साधन बन गई है। भारत जैसे विशाल और बहुभाषी देश में यह प्रश्न और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि जिस भाषा को करोड़ों लोग बोलते, समझते और अपने दैनिक जीवन में व्यवहार करते हैं, वह आर्थिक, कॉरपोरेट और वैश्विक मंचों पर कितनी प्रतिष्ठा प्राप्त कर पा रही है। हिंदी के संदर्भ में यह प्रश्न आज पहले से कहीं अधिक गंभीर है। भारत की स्वतंत्रता को आठ दशक पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन हिंदी आज भी भारत की राष्ट्रभाषा नहीं है। यहां एक संवैधानिक तथ्य को स्पष्ट करना आवश्यक है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 में हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा घोषित किया गया है। वहीं अंग्रेजी को भी संघ के आधिकारिक कार्यों में निरंतर प्रयोग की संवैधानिक-वैधानिक व्यवस्था प्राप्त है।



संजीव ठाकुर

संविधान में कहीं भी हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित नहीं किया गया है। अनुच्छेद 351 संघ को यह दायित्व देता है कि वह हिंदी के प्रसार और विकास के लिए प्रयास करे तथा उसे भारत की समग्र संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाए। इसलिए हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं? का प्रश्न भावनात्मक होने के साथ-साथ संवैधानिक और ऐतिहासिक प्रश्न भी है।

विडंबना यह है कि जिस हिंदी को करोड़ों भारतीयों की संपर्क भाषा के रूप में व्यापक सामाजिक स्वीकार्यता प्राप्त है, उसे सत्ता, उच्च शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और कॉरपोरेट प्रतिष्ठा के अनेक क्षेत्रों में अभी भी अंग्रेजी की तुलना में कमतर समझा जाता है। यह स्थिति केवल सरकारी व्यवस्था की देन नहीं है।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# तान्या शर्मा ने छोड़ा ओ हमनवा तुम देना साथ मेरा सीरियल,सामने आई ये वजह


स्टार प्लस के चर्चित शो ओ हमनवाः तुम देना साथ मेरा से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. रिपोर्ट के अनुसार शो से एक्ट्रेस तान्या शर्मा ने खुद को दूर कर लिया है. उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया है. एक्ट्रेस ने ये शो क्यों छोड़ा है. इसकी वजह भी सामने आ चुकी है। 30 वर्षीय तान्या शर्मा ओ हमनवाः तुम देना साथ मेरा में सपोर्टिंग रोल निभाते हुए नजर आई हैं. हालांकि अब वो इस शो का हिस्सा नहीं हैं. बता दें कि तान्या इस पॉपुलर सीरियल में इरा के किरदार में नजर आती थीं. वहीं सीरयल में लीड रोल में शब्बीर अहलूवालिया और श्रीति झा की जोड़ी नजर आती है, जिसे दर्शक काफी पसंद करते हैं. इसे स्टूडियो एलएसडी द्वारा प्रोड्यूस किया गया है. स्टार प्लस पर आने वाले ओ हमनवा तुम देना साथ मेरा की शुरूआत अप्रैल 2026 में हुई थी. तान्या शर्मा के शो से दूर होने की वजह का भी खुलासा हो गया है. शो में एक्ट्रेस को ज्यादा स्क्रीन टाइम नहीं मिल रहा था और इस वजह से उन्होंने शो छोड़ दिया. इसके अलावा एक वजह ये भी है कि शो की टाइम लाइन में भी बदलाव कर दिया गया था. शो छोड़ने के बाद तान्या ने कहा, हां, मैंने शो छोड़ दिया है. यह आपसी सहमति से लिया गया फैसला था.

मेकर्स को तान्या का रिप्लेसमेंट भी मिल गया है. रिपोर्ट के मुताबिक शो में तान्या की जगह एक्ट्रेस ऐश्वर्या राज भकुनी ने ले ली है. वो शो में निगेटिव रोल प्ले करती हुई नजर आएंगी. क्योंकि तान्या भी इसमें निगेटिव रोल में ही थीं।




30 वर्षीय तान्या शर्मा टीवी इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम है. दिल्ली में जन्मीं तान्या ससुराल सिमर का 2 और साथ निभाना साथिया जैसे पॉपुलर सीरिल्स में अहम किरदार निभा चुकी हैं. तान्या शर्मा की सोशल मीडिया पर भी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है. इंस्टाग्राम पर इस टीवी हसीना को 34 लाख लोग फॉलो करते हैं।

# शिया-सुन्नी एकता: अभी नहीं तो कभी नहीं



तनवीर जाफरी

ईरान के मुख्य न्यायाधीश आयतुल्लाह गुलाम-हुसैन मोहसिनी-अजेई ने पिछले दिनों भारत का 3 दिवसीय आधिकारिक दौरा किया। वैसे तो उनकी यह यात्रा मुख्य रूप से ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश मंच के नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय न्यायिक शिखर सम्मेलन को लेकर हुई थी । परन्तु इसके अतिरिक्त न्यायाधीश आयतुल्लाह अजेई ने दिल्ली की जामा मस्जिद में शाही इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी की इमामत में आम नमाज़ियों के साथ जुमे की नमाज अदा की। गोया जामा मस्जिद में शिया सुन्नी की संयुक्त जमाअत का दृश्य देखने को मिला। इस मस्जिद में आम दिनों में या शुक्रवार को भी दुनिया भर से आने वाले शिया पर्यटक, राजनयिक और प्रतिनिधिमंडल बिना किसी रोक-टोक के सुन्नी इमाम के पीछे या उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर नमाज अदा करते रहते हैं। सुन्नी भाइयों ने भी कश्मीरी गेट स्थित शिया मस्जिद में आकर शिया इमाम के पीछे नमाज अदा की थी।इससे पहले भी भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के विशेष प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही भारत के विभिन्न राज्यों में होने वाले शिया-सुन्नी एकता सम्मेलनों और धार्मिक कार्यक्रमों में ईरान के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होते रहे हैं ताकि मुस्लिम समुदायों के बीच भाईचारे को बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान हकीम इलाही ने भी अनेक स्थानों पर शिया सुन्नी संयुक्त जमाअत में एक साथ नमाज अदा की। कहा जा सकता है कि भारत जैसे विश्व की तीसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश में ईरान इस मुस्लिम जगत एकता मुहिम को तेजी देकर पूरे विश्व की मुस्लिम एकता का आवाहन कर रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह सैयद मुज्तबा खामेनेई ने पिछले दिनों पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन पर तेहरान में हुये एक धार्मिक सम्मेलन में मुस्लिम देशों को एक लिखित संदेश भेजा था। इस संदेश में उन्होंने वैश्विक स्तर पर मुस्लिम एकजुटता की पुरजोर वकालत की थी। उन्होंने अपनी इस अपील में पश्चिम एशिया और विशेष रूप से फारस की खाड़ी के मुस्लिम शासकों से सीधा आग्रह किया कि वे अपने "असली दुश्मन को पहचानें, उसकी योजनाओं को समझें और मिलकर उसका मुकाबला करें"। खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को पूरी मुस्लिम उम्माह का 'पक्का और साझा दुश्मन' करार दिया। उन्होंने यह भी आगाह किया कि इस्लाम के दुश्मन मुसलमानों की सामूहिक ताकत को कमजोर करने के लिए उनके बीच नस्लीय, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और भौगोलिक अंतरों का फायदा उठाकर फूट डालना चाहते हैं। अपने संदेश में उन्होंने कठोर लहजे में कहा, "कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पद पर हो, यदि वह ऐसा कुछ करता है जिससे मुसलमानों के बीच दरार पैदा हो या इस्लामी समाज में संघर्ष बढ़े—चाहे वह जानबूझकर कर रहा हो या अनजाने में, वह वास्तव में इस्लाम के दुश्मनों के एजेंडे को ही बढ़ावा दे रहा है।" उन्होंने खाड़ी देशों के शासकों को झकझोरते हुए पूछा कि "अगर फारस की खाड़ी के देश और सरकारें इस्लाम के झंडे तले एकजुट हो जाएं, तो क्या हजारों किलोमीटर दूर से आए बिना पहचान वाले बदमाशों अर्थात बाहरी ताकतों में हमारी जमीन और दौलत पर नजर गड़ाने की हिम्मत होगी?" खामेनेई ने मुस्लिम जगत की फूट पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि आज दुनिया के सभी मुस्लिम देश एकजुट होते, तो क्या फिलिस्तीन के हालात इतने लाचार और रक्षा हीन होते? खामेनेई के अनुसार, संपूर्ण इस्लामी दुनिया की समस्याओं का एकमात्र रास्ता "आपसी संवाद की एकता, गहरी दोस्ती और भलाई के रास्ते पर एक-दूसरे का सहयोग करना" है। खामनेई के इस सन्देश ने पूरे विश्व के मुसलमानों को हिलाकर रख दिया है। और इसी दिशा में बड़ा कदम उठाते हुये ईरानी नेतृत्व ने बड़े स्तर पर पूरे विश्व में शिया सुन्नी सामूहिक नमाज अदा करने की मुहिम शुरू की है। शिया सुन्नी संयुक्त नमाज को लेकर कुछ विश्वस्तरीय जमाअतों का जिक्र करना यहाँ जरूरी है। दुनिया भर में शिया और सुन्नी समुदायों के बीच भाईचारा बढ़ाने, सांप्रदायिक सौहार्द स्थापित करने और आतंकवाद व चरमपंथ का विरोध करने के लिए कई देशों में संयुक्त नमाज के ऐतिहासिक आयोजन किए जाते हैं व किये गए हैं। इनमें अजरबैजान की बाकू स्थित हैदर मस्जिद को दुनिया भर में शिया-सुन्नी एकता के सबसे बड़े प्रतीक के रूप में जाना जाता है। यहाँ हर शुक्रवार को शिया और सुन्नी मुसलमान एक साथ, एक ही पंक्ति में खड़े होकर नमाज अदा करते हैं। यहाँ एक सप्ताह नमाज की इमामत सुन्नी इमाम करते हैं और अगले सप्ताह शिया इमाम। कुवैत में 2015 में एक शिया मस्जिद (इमाम सादिक मस्जिद) पर हुए आत्मघाती आतंकवादी हमले के बाद, देश में एकता दिखाने के लिए कुवैत की सबसे बड़ी सुन्नी इबादतगाह ग्रैंड मस्जिद में एक




ऐतिहासिक संयुक्त नमाज का आयोजन किया गया था। इस नमाज में देश के अमीर (शासक), क्राउन प्रिंस और मंत्रियों सहित हजारों शिया और सुन्नी नागरिकों ने एक साथ हिस्सा लिया था। इसी तरह बहरीन में भी आली ग्रैंड मस्जिद और दिराज की मस्जिदों में खाड़ी क्षेत्र में तनाव को कम करने के लिए संयुक्त नमाज की मुहिम चलाई गई। बहरीन के प्रमुख शिया और सुन्नी नागरिकों ने दिराज व आली की प्रमुख मस्जिदों में एक साथ शुक्रवार की नमाज अदा कर चरमपंथियों को कड़ा संदेश दिया।इराक युद्ध के दौरान जब देश में शिया-सुन्नी हिंसा भड़काने की कोशिशें की जा रही थीं, तब मुक्तदा अल-सद्र के जैसे धार्मिक नेताओं,संगठन और एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम स्कॉलर्स ने ग्रैंड बसरा मस्जिद में संयुक्त नमाजों का आयोजन किया ताकि नागरिक गृहयुद्ध का

# मंगलवार का राशिफल

**मेष** — किसी जगह कुछ सीखने के लिए फीस देंगे,पुत्र संतान प्राप्ति की खुशी मिल सकती है, विदेश में नौकरी में उन्नति मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-61

**वृषभ** — रिश्ता तय हो सकता है,बड़ी आर्थिक सफलता मिलेगी, शिक्षा में मन लगेगा,अच्छे पैकेज की नौकरी सम्भव हैं, शुगर, हार्मोन हर्निया जैसे रोग सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-65

**मिथुन** — नए काम के शुभारंभ करने की तैयारी होगी, काउंसलिंग, अकाउंट,कम्युनिकेशन,वाहन, सम्बन्धित व्यवसाय चलेगा, प्रेम समबन्ध अच्छा चलेगा। भाग्य प्रतिशत-73

**कर्क** — नई स्किल सीखना चाहेंगे, लोगों को प्रभावित करेंगे, वाहन, मकान नया ले सकते हैं, सूझ-बूझ से वैवाहिक रिश्ता चलाए, काम या पढ़ाई के लिए बाहर रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**सिंह** — नौकरी प्रभावित होगी, अपने कार्य में सफलता मिलेगी, कोई लम्बित कार्य हो जाने से अच्छा पैसा मिल जाएगा, किसी से अच्छी दोस्ती होगी। भाग्य प्रतिशत-58

**कन्या** — पति पत्नि दोनों का करियर बनेगा, सूझ-बूझ से आगे बढ़ेंगे, आध्यात्मिक रहेंगे, किसी शॉर्ट टर्म कोर्स को करने की इच्छा होगी। भाग्य प्रतिशत-82

**तुला** — नौकरी बदल सकते हैं, पैसे की कमी नहीं होगी कर्ज भी चुकता करेंगे, विदेश में कार्य करने वाले व्यक्ति से विवाह तय सम्भव हैं, सीए, होटल मेनेजमेंट,दाल मसाले,कार्य में उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-77

**वृश्चिक** — भाई को स्वास्थ्य परेशानी होगी, भाग्य का साथ मिलेगा सीखी हुई विद्या काम आयेगी, दूसरे विवाह का मार्ग बनेगा, आर्थिक निर्णय सोच समझकर ले। भाग्य प्रतिशत-63

**धनु** — काम से लगातार आए होती रहेगी, सरकारी क्षेत्र से जुड़कर पैसा कमाएंगे, किसी अपने से बिछड़ने का दुःख होता रहेगा। भाग्य प्रतिशत-56

**मकर** — बुद्धिमानी बढेगी, आय के लिए नए साधन खोजेंगे, खुद के व्यवसाय में थोड़ा संघर्ष जारी रहेगा। भाग्य प्रतिशत-71

**कुंभ** — घर में अच्छे लोगों का आगमन के लिए तैयारी करेंगे, घर बना रहे हैं तो सब सुविधाएं जोड़ेंगे, रिश्तेदारों से मेल मिलाप होगा, कार्यक्षेत्र में कंपटीशन बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-65

**मीन** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें, शिक्षा की उन्नति से खुश रहेंगे, बच्चे भी कोई सुख देंगे, आमदनी बढ़ेगी प्रसन्नता रहेगी, किसी से बातचीत के प्रयास जारी रखें। भाग्य प्रतिशत-60



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# बरसात में उजड़ा गरीब का आशयाना, तेज बारिश में घर धराशाई,बाल बाल बचा परिवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बहजोई।** तेज बारिश ने छीन लिया गरीब का आशयाना,बाल बाल बचा दंपत्ति। पंवासा विकास खंड के गांव ऐचोली निवासी फैसल अपने परिवार के साथ गांव में गुजर बसर कर रहा था अचानक तेज बारिश के चलते उसका घर गिर गया बामुश्किल परिवार ने अपनी जान बचाई। गरीब व्यक्ति अव अपनी ससुराल में रहने को मजबूर हैं अव देखना यह है की प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली का एक्सल टूटने से तीन महिलाओं की मौत,11 लोग घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**संभल।** असमोली क्षेत्र के गांव पैंतिया माफी निवासी ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मैनाठेर क्षेत्र के लदूपुरा गांव जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्रॉली में परिवार व पड़ोस के 18-20 लोग सवार थे। ट्रैक्टर गांव का ही अनिल चला रहा था। ट्रैक्टर का एक्सल टूटने से यह घटना हुई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। ग्रामीण व राहगीर राहत व बचाव कार्य में जुट गए और ट्रॉली को सीधा कर ग्रामीणों को बाहर निकाला और पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। मृतक चंदा उर्फ चंद्रवती के तीन बच्चे अजय, सुबोध और मीनाक्षी है। पति हरकेश मजदूरी का काम करता है। ओमवती के तीन लड़के और दो लड़की हैं। दोनों लड़कियों की शादी हो चुकी है। लड़के उमेश कुमार, मुकेश कुमार, योगेश कुमार मां की मौत के बाद बदहवाश हो गए। जबकि 11 साल पहले पति की मौत हो चुकी है। वहीं ममता के दो बेटे सोनू, अंकुर और बेटी राखी है। पति सब्जी बेचने का काम करता है। जिला अस्पताल में ममता को चिकित्सक ने गंभीर हालत देख जब रेफर कर दिया तो परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन शव सीधे घर ले गए। पुलिस ने जिला अस्पताल से चंदा और ओमवती के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। ममता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई के लिए पुलिस उसके घर पहुंची लेकिन परिजनों ने इंकार कर दिया। राजस्व विभाग की टीम भी गांव पहुंची, करीब दो घंटे तक पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने परिवार के लोगों को समझाया लेकिन उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। तीन मौतों के बाद गांव में मातम पसर गया।

# ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच चामुंडा मंदिर पहुंचे गणपति,भक्तों ने किया भव्य स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर चामुंडा मंदिर परिसर में

**गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा बहजोई, शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का उत्साह**

भगवान गणेश जी की प्रतिमा की विधि-विधान के साथ स्थापना की गई। इससे पहले श्रद्धालुओं द्वारा गणेश जी की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। शोभायात्रा में बड़ी



संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गणेश जी की प्रतिमा के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए। श्रद्धालुओं के जयकारों से आसपास का माहौल गणेशमय हो गया। इसके बाद चामुंडा मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश जी की विधि-विधान से स्थापना की गई तथा पूजा-अर्चना कर सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई।

आयोजन में कमलेश गोयल, अतिन गोयल, क्षितिज गोयल, नीरज वार्ष्णेय, संजय जैन, भावना गोयल, पायल और नीलम जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान मंदिर परिसर में शाम की आरती तथा प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। भगवान गणेश की स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बिलारी।** एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की हिंदी भाषा के प्रति रुचि और प्रतिभा को परखने के लिए विभिन्न मौखिक एवं लिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कक्षा एक और दो में सुलेख प्रतियोगिता हुई।कक्षा एक में रूबी हाउस की अक्षरा प्रथम, सफायर हाउस की अनाया द्वितीय तथा एमरैल्ड हाउस की अलीना तृतीय रहीं। कक्षा दो में रूबी हाउस की आयशा और एमरैल्ड हाउस के अफजल खान प्रथम, रूबी हाउस के अभ्यांश और डायमंड हाउस की मिस्टी द्वितीय तथा सफायर हाउस की मानवी तृतीय रहीं।कक्षा तीन, चार और पांच में काव्य पाठ प्रतियोगिता हुई। कक्षा तीन में रूबी हाउस के अबू तल्हा प्रथम, डायमंड हाउस की मिष्ठी द्वितीय तथा एमरैल्ड हाउस की अनुष्का और सफायर हाउस की निष्ठा तृतीय रहीं। कक्षा चार में डायमंड हाउस की सौरवी अग्रवाल और एमरैल्ड हाउस की पावनी गोला प्रथम, सफायर हाउस की अवनि द्वितीय तथा डायमंड हाउस के अद्विक सिंह और रूबी हाउस के अब्दुल्ला तृतीय रहे।कक्षा सात में रूबी हाउस की आराध्या और वारनवी गुप्ता प्रथम, रूबी हाउस की आलिया नूर द्वितीय तथा एमरैल्ड हाउस की पावनी नेहरा और सफायर हाउस की वैष्णवी शर्मा तृतीय रहीं। कक्षा आठ में लक्ष्य सागवान, यशु और छवि गुप्ता प्रथम रहे। एमराल्ड हाउस की समृद्धि दुबे और डायमंड हाउस के विहांग गुप्ता द्वितीय तथा रूबी हाउस के दिवेश और सफायर हाउस के शौर्य चौधरी तृतीय रहे।कक्षा नौ और 11 में वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी में उग्र छात्रों की भूमिका विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। कक्षा 11 विज्ञान के डायमंड हाउस के तेजस्व गणेश प्रथम, कक्षा नौ की डायमंड हाउस की आराध्या शर्मा और कक्षा 11 विज्ञान के एमराल्ड हाउस के रुद्राक्ष चौधरी द्वितीय तथा कक्षा नौ की एमरैल्ड हाउस की हर्षिता और कक्षा 11 वाणिज्य की सफायर हाउस की खुशी तृतीय रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस के महत्व और हिंदी भाषा की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

# शिक्षा में सुधार लाने के लिए, उठाना पड़ेगा ठोस कदम

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** शिक्षा में सुधार लाने के लिए एक ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। संभल जिले में 670 ग्राम पंचायतें हैं और 893 गांव हैं, कुल 8 विकासखंड तथा लगभग 64 न्याय पंचायतें हैं। दो-चार स्कूलों में औचक निरीक्षण से कुछ संख्या में ही स्कूल, कॉलेज की सुधार की संभावना हो सकती है परंतु संपूर्ण जिले के विद्यालयों में व्यापक सुधार अभियान,जांच अभियान यदि चल जाए तो शिक्षण एवं शिक्षण व्यवस्था में विशेष सुधार संभव हैं। इसके लिए यदि बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के आदरणीय जिम्मेदार अधिकारीगण अपनी कलम/ पावर का उपयोग जनहित एवं छात्र छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए करें तो। तब पूरे जिले के स्कूल चाहे वह कक्षा 1 से 5 तक हों, पांच से आठ तक हों या 8 से 12 तक में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षण व्यवस्था, शिक्षक व्यवस्थाओं का मौके/ धरातल पर उपरोक्त व्यवस्थाओं का गहन एवं प्रभावी अनुश्रवण हो जायेगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए ईमानदार, निष्पक्ष, योग्य जांच अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर एक तरफ से स्वच्छ एवं स्पष्ट जांच करवाई जाए। जांच टीमों से विहीन व्यवस्थाओं की संपूर्ण एवं विस्तृत जांच के आधार पर सुधारात्मक, अनुशासनात्मक, तत्पश्चात दंडनात्मक कार्यवाही प्रारंभ हो साथ ही ऐसे विद्यालय जो शिक्षक, शिक्षण व्यवस्था आदि में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन विद्यालयों का उन विद्यालयों की व्यवस्था का उन विद्यालयों के शिक्षकों का, मनोबल बढ़ाए जाने के लिए जिले में उच्च अधिकारी महोदय से सम्मानित भी कराया जाए। तब कहीं सिस्टम की व्यवस्था में सुधार हो सकता है नहीं तो कुछ विद्यालयों की जांच करने के पश्चात कुछ दिन के लिए कार्यवाही संबंधित विद्यालय बंद रहेंगे, उसके बाद पुनः उनका संचालन होने लगेगा। एक जिम्मेदार नागरिक।

## युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

# असमोली में आरएसएस ने आयोजित किया युवा एकत्रीकरण कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**असमोली (संभल)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) असमोली खंड के तत्वावधान में रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर, असमोली के प्रांगण में भव्य युवा एकत्रीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड के दर्जनों युवाओं एवं स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित रूप से सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत के सह शारीरिक प्रमुख अनुज जी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए संघ के विचारों और कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ का स्वयंसेवक सदैव निस्वार्थ भाव से देश और समाज की सेवा के लिए तत्पर रहता है। उन्होंने युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की ऊर्जा, अनुशासन और देशभक्ति की भावना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने युवाओं से समाजहित और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर खंड के मान्य संघ चालक सुभाष जी, खंड कार्यवाह अंकुर जी, रूपक, हर्षित, हीरा, सौरभ, आकाश, सोनू, अमित सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ अनुशासित रूप से हुआ।

# मनिहार सिद्दीकी भाईचारा संगठन की मीटिंग हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** जनपद हापुड़ के गांव नानपुर में मनिहार सिद्दीकी भाईचारा बिरादरी की एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। जिसकी सदारत प्रोफेसर डॉक्टर अख्तर सिद्दीकी व निजामत मौलाना याकूब सिद्दीकी ने की जेरे निगरानी हाजी खालिद सिद्दीकी मीटिंग की अहम भूमिका निभाने वाले उमर अली सिद्दीकी,डा मसी आलम, फैजान सिद्दीकी पुरी टीम व गांव सभी जिम्मेदार साथी

सभा में बिरादरी की एकता, शिक्षा, रोजगार, स्किल डेवलपमेंट और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा में मौजूद वक्ताओं ने समाज के विकास के लिए आपसी एकता और सहयोग को आवश्यक बताया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसरों की जानकारी और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस दौरान स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ने तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए समाज की बेहतरी और भविष्य की चुनौतियों से मिलकर निपटने का आह्वान किया। सभा के दौरान सामाजिक एकता को मजबूत करने और शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बिरादरी के लोगों की मौजूदगी रही इस दौरान हाजी खालिद सिद्दीकी,मजिस्ट्रेट सादिक हुसैन, हाजी अफजल सिद्दीकी, अंजुम परवेज सिद्दीकी, हाजी शाहिद सिद्दीकी,हाजी नईमुद्दीन सिद्दीकी, हाजी शाहिद सिद्दीकी, जावेद अख्तर सिद्दीकी, मुस्ताक सिद्दीकी,यासीन सिद्दीकी वसीम सिद्दीकी, नाजिम सिद्दीकी, उमर सिद्दीकी, इरशाद सिद्दीकी, जावेद सिद्दीकी, नदीम सिद्दीकी, नाजिम सिद्दीकी, चांद सिद्दीकी, गयासुद्दीन सिद्दीकी राशिद इकबाल सिद्दीकी, हाजी जमील सिद्दीकी, रफफन सिद्दीकी,शैली सिद्दीकी, शाहिद सिद्दीकी, मास्टर परवेज सिद्दीकी हाजी इकबाल आदि लोग मौजूद रहे।

# बाल विवाह के खिलाफ कायनात इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**सम्भल।** कायनात इण्टरनैशनल स्कूल सम्भल में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई।

वहीं, शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में प्रयन्त संस्था सम्भल द्वारा शिक्षकों को प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, शिक्षकों और समाज के लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करना तथा बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता बढ़ाना रहा।संस्था संभल के फील्ड कोऑर्डिनेटर शिराज अहमद, प्रधानाध्यापक मोहम्मद इमरान, डायरेक्टर ख्वाजा मोहम्मद फहीम, सबीहा गालिब , अयाज अहमद ,शाहजेब अख्तर, महक तस्दिक, हम्मे हानी, स्कूल स्टाफ मौजुद रहा।

## आयोजन | कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे

# संभल विधानसभा में PDA पंचायत का आयोजन, कार्यकर्ताओं को मिले नियुक्ति पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दानिश अली)।** विधानसभा में समाजवादी पार्टी की PDA पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। PDA पंचायत के दौरान पार्टी के कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। यह नियुक्ति पत्र पी डी ए मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री नवाब इकबाल महमूद और जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से दिए गए। इससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद है।

पी डी ए पंचायत के मुख्य अतिथियों को फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कार्यकताओं में भी ढऊअ पंचायत को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम स्थल को समाजवादी पार्टी के झंडों और बैनरों से सजाया गया था। पी डी ए पंचायत को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनाब नवाब इकबाल महमूद साहब विधायक संभल पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा

2027 विधानसभा चुनाव को लेकर आज पी डी ए पंचायत बुलाई गई है। उन्होंने कहा कार्यकताओं से अभी से बूथ स्तर पर तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। कहा गया कि हर वर्ग तक समाजवादी पार्टी की नीतियों को पहुंचाना है प्रदेश में समाजवादी पार्टी की




सरकार आ रही है। उन्होंने कहा कि 2027 में माननीय अखिलेश यादव जी प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे और संभल का चौमुखी विकास होगा।

जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ढऊअ यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज ही समाजवादी पार्टी की असली ताकत है और इन्हें एकजुट करके ही 2027 की जीत सुनिश्चित की जाएगी। युवा नेता सोहेल इकबाल महमूद ने भी पंचायत को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं से पार्टी से जुड़ने और अखिलेश यादव के विजन को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की। पी डी ए पंचायत अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने संचालन कृष्ण मुरारी शंखधार, जिला महासचिव, पी डी ए उपस्थित रहे विधानसभा अध्यक्ष इरफान प्रधान सईद इजरायली जिला उपाध्यक्ष केपी सिंह ठाकुर मौलाना साजिद हुसैन नसीम हुसैन साहब नवाब हुसैन साहब रईस प्रधान हाजी नदीम प्रधान स फैजान अंसारी नदीम कुरैशी अजीम कुरेशी अजीम कुरेशी शौकीन प्रधान तसिम खा नदीम खान यवर फराज प्रतीक नानू फराज असगर अली एसपी बिलाल सहित कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की जिला टीम में हुआ विस्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी ने युवाओं को संगठन से जोड़ने और जिला स्तर पर गतिविधियों को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसी क्रम में पार्टी के जिला कार्यालय पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की जिला



कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नई जिम्मेदारी पाने वाले सदस्यों का पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया।

सपा नेता दिग्विजय शिशोदिया ने कहा कि युवाओं को संगठन में जिम्मेदारी देने से पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से कार्यकताओं और आम लोगों के बीच सक्रिय रहकर संगठन के लिए काम करने का आह्वान किया।

किशन सिंह तोमर ने कहा कि युवाओं को पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभानी होगी। जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर बबलू ने कहा कि कार्यकारिणी में विस्तार से संगठन को नई गति मिलेगी और कार्यकताओं में उत्साह बढ़ेगा।

इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन की जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओ ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# आर०डी०पी०डी० इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, रौरा में 'हिंदी दिवस' पर काव्य पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**जहांगीराबाद (बुलंदशहर)।** आर०डी०पी०डी० इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, रौरा में हिंदी दिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कु० मीनू शर्मा एवं कु० ऋचा शर्मा द्वारा प्रस्तुत मधुर सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात "वर्तमान में हिंदी की प्रासंगिकता और उसका महत्व" विषय पर भाषण एवं देशभक्ति/सांस्कृतिक काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में ध्रुव, अलिशबा, मोंटी, कु० सोनम, उज्मा मेहंदी, कु० मीनू शर्मा एवं कु० ऋचा शर्मा ने आज के आधुनिक और डिजिटल युग में हिंदी की उपयोगिता, तकनीक में इसके बढ़ते प्रभाव और इसकी वैश्विक महत्ता पर अपने सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए।

काव्य पाठ व सामूहिक गायन प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। "ऐ वतन-ऐ वतन" गीत की प्रस्तुति कु० ऋचा, कु० शिवानी, कु० अनुष्का एवं कु० मीनू शर्मा द्वारा दी गई। "सुबह-सुबह लेकर तेरा नाम प्रभु" प्रार्थना कु० उज्मा मेहंदी एवं कु० सोनम ने प्रस्तुत की। "हम होंगे कामयाब एक दिन" की संगीतमय प्रस्तुति कु० उज्मा, कु० अलिशबा एवं कु० सोनम ने दी। "त्वमेव माता च पिता त्वमेव" का पाठ कु० सोनम एवं कु० ऋचा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक श्री गिरीश गर्ग, संयोजक श्री कुलदीप गर्ग तथा निदेशक शरद अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० संतोष बंसल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता का सफल संयोजन एवं संचालन हिंदी भाषा के प्राध्यापक श्री सतीश चंद आर्य के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के सभी शिक्षकों–दुष्यंत कुमार, अविनाश शर्मा, कपिल भारद्वाज, डॉ० अनिल कुमार, डॉ० ब्रजेश कुमार, विजय शर्मा, आकाश गोयल, डॉ० लोकेश गोयल, रुखसार नाज, डॉ० रचना बंसल, शशि सिंह एवं डॉ० योगिता शर्मा , देवेन्द्र कुमार का विशेष व सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर सभा का समापन किया गया।

# हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए भाषण, गीत और गजल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर।** मुस्लिम इंटर कॉलेज, बुलन्दशहर में सोमवार को हिंदी दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हिंदी भाषण, गीत एवं गजल की मनोहारी प्रस्तुतियां देकर हिंदी भाषा के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने हिंदी के महत्व एवं उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद खालिद ने कहा कि राष्ट्रहित में हिंदी को अपनाने और इसके प्रयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। हिंदी हमारी अपनी भाषा है और प्रत्येक व्यक्ति को इस पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिंदी केवल भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार का भी महत्वपूर्ण साधन बन रही है। हिंदी के ज्ञान से रोजगार एवं व्यवसाय के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से हिंदी का गहन अध्ययन करने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी भाषा को भली-भांति सीखे और समझे बिना उसके साहित्य को आत्मसात नहीं किया जा सकता। हिंदी का समृद्ध साहित्य जीवन-मूल्यों, संस्कारों और संस्कृति से परिचित कराता है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों, संस्कारों और संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी है।

### मुस्लिम इंटर कॉलेज में हिंदी के महत्व, उपयोगिता और रोजगारपरकता पर हुई चर्चा

उपप्रधानाचार्य मोहम्मद आजम खान ने हिंदी की भावात्मकता, रसबोध, महत्ता तथा नैतिक एवं मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी केवल शब्दों और वाक्यों की संरचना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना, संस्कृति और जीवन-दर्शन को अभिव्यक्त करने वाली सशक्त भाषा है। उन्होंने सूफी संत रूमी के जीवन-दर्शन का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्लेषण एवं आत्मसुधार के लिए प्रेरित किया।

हिंदी के वरिष्ठ अध्यापक इमरान खान ने भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता और रोजगारपरकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम, पत्रकारिता, संचार, शिक्षा और साहित्य सहित अनेक क्षेत्रों में हिंदी की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के अध्ययन के साथ उसके व्यावहारिक एवं व्यावसायिक पक्ष को समझने का आह्वान किया।

वरिष्ठ अध्यापक ताहिर खान ने हिंदी के भाषावैज्ञानिक स्वरूप पर चर्चा करते हुए इसकी संरचना, वैज्ञानिकता, सहजता और विकासशील प्रकृति को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भाषा निरंतर परिवर्तनशील होती है और हिंदी ने समय-समय पर विभिन्न भाषाओं से शब्द ग्रहण कर स्वयं को और अधिक समृद्ध बनाया है।

वरिष्ठ शिक्षक जहीन अहमद ने हिंदी को बहता हुआ निर्मल जल बताते हुए कहा कि यह भाषा प्राचीन काल से निरंतर प्रवाहित होती आई है। विभिन्न भारतीय एवं विदेशी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करने के बावजूद हिंदी ने अपनी मौलिकता और जीवंतता बनाए रखी है। उन्होंने कहा कि हिंदी की सबसे बड़ी विशेषता उसकी ग्रहणशीलता है, जिसके कारण यह निरंतर समृद्ध और व्यापक होती गई।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हिंदी भाषण, गीत एवं गजलों ने वातावरण को भावपूर्ण और साहित्यिक बना दिया।

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी के प्रति सम्मान, प्रेम और गौरव की भावना को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 मानविकी के छात्र जीशान ने किया। समापन अवसर पर विद्यालय परिवार ने हिंदी के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से हिंदी के अध्ययन एवं प्रयोग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

# हिंदी दिवस पर सुलेख प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** स्थानीय टैगोर बाल शिक्षा सदन में सोमवार, 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा चार एवं पांच के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में मानवी और अलीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्शा और कनक द्वितीय तथा मानसी और असद खान तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। हमें अपने दैनिक कार्यकलापों में अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। हिंदी के प्रति सम्मान और इसके व्यापक प्रयोग से ही भाषा को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में श्रीमती मीनू रानी, राकेश कुमार शर्मा, उमा जायसवाल, कुमारी मोनिका, कुमारी श्वेता शर्मा, श्रीमती पारुल शर्मा, कुमारी महक, कुमारी सानिया सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पूर्व राज्यमंत्री अनिल शर्मा को दिनेश गुर्जर ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

### रानऊ पहुंचकर छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए, शोकाकुल परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

**शिकारपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री एवं शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहे स्वर्गीय अनिल शर्मा के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन के पश्चात विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग उनके पैतृक गांव रानऊ पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। इसी क्रम में





अखिल भारतीय गुर्जर महासभा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश गुर्जर ने ग्राम रानऊ पहुंचकर आयोजित शोक सभा में भाग लिया। उन्होंने स्वर्गीय अनिल शर्मा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

दिनेश गुर्जर ने कहा कि स्वर्गीय अनिल शर्मा का आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद एवं अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में जो रिक्तता उत्पन्न हुई है, उसकी भरपाई कठिन है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय अनिल शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके योगदान और जनसेवा से जुड़ी स्मृतियां सदैव लोगों के बीच जीवित रहेंगी।

## गुलावठी के सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई गणेश चतुर्थी

# मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाकर विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुलावठी।** सुरेश चंद अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा, उल्लास एवं रचनात्मक गतिविधियों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान गणेश के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने क्ले मिट्टी से भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाओं का स्वयं निर्माण किया। नन्हे कलाकारों ने अपनी कल्पनाशीलता और कलात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक सुंदर प्रतिमाएं तैयार कीं। मिट्टी से प्रतिमा निर्माण की इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां रहीं। भगवान गणेश की स्तुति एवं भक्ति गीतों पर विद्यार्थियों ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के उत्साह और प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा तथा ह्यगणपति बप्पा मोरयाह्न के जयघोष से गूंज उठा। विद्यालय के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल एवं एडमिनिस्ट्रेटर शुभम अग्रवाल ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा ने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि, विवेक, शुभता एवं नई शुरूआत के प्रतीक हैं। विद्यार्थियों द्वारा मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं का निर्माण उनकी रचनात्मक प्रतिभा के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता को भी दशार्ता है। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर भगवान गणेश की विधिवत आरती की गई तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। गणेश चतुर्थी के इस आयोजन ने भारतीय संस्कृति, रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया।

# हिंदी हमारी संस्कृति संवेदना और अभिव्यक्ति की पहचान : सुनीता सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**औरंगाबाद ।** हिंदी दिवस पर जे पी विद्या मंदिर तौमडी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों द्वारा हिन्दी के महत्व को उकेरा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सुनीता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि हमारी संस्कृति संवेदना और अभिव्यक्ति की पहचान है।हमारा उद्देश्य स्कूली बच्चों को अपनी भाषा और संस्कृति से जोड़ने के साथ साथ उनके आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता का विकास करना है। संस्कृत श्लोक व हिंदी भाषा के महत्व पर व्याख्यान दिए गए। कक्षा एक के बच्चों ने स्वर गीत प्रस्तुत कर मन मोह लिया। कक्षा नौ के बच्चों ने मनोरंजक नाटक ""शिक्षा का व्यापार,"" तथा "हिन्दी गायब हो गई "प्रस्तुत किये। बच्चों ने नशा मुक्ति पर आधारित दोहे मोबाइल की दुनिया तथा आज के युग में शिक्षक की परेशानी जैसे मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तथा हिन्दी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। हिंदी विभागाध्यक्ष दीप्ति शर्मा तथा हिन्दी शिक्षिका पूजा शर्मा और प्रवेंद्र कुमार ने विशेष व्याख्यान दिए। मंच संचालन कक्षा ग्यारह की छात्राओं काजल शर्मा और राधिका राणा ने किया। जितेश कुमार नीवे अग्रवाल संदीप चौधरी जितेंद्र भारद्वाज ब्रजेश कुमार योगेश कुमार निखलेश गुप्ता आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# नवरात्र से पहले बनेगी काली नदी रोड, सभी खंभों पर लगेंगी लाइटें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** काली नदी रोड की जर्जर हालत और प्रकाश व्यवस्था की समस्या को लेकर उद्योग व्यापार मंडल (नरेंद्र) एवं काली नदी रोड व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। व्यापारियों ने सड़क का पैचवर्क कराने के बजाय उसका पूर्ण नवीनीकरण कराने तथा मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था किए जाने की मांग की।

व्यापारियों का कहना है कि काली नदी रोड शहर की प्रमुख एवं व्यस्त सड़कों में शामिल है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, ग्राहक, स्थानीय नागरिक और वाहन गुजरते हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने और सतह क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है। बरसात के दौरान स्थिति और अधिक खराब हो जाती है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। व्यापारियों ने कहा कि सड़क पर केवल गड्ढों की अस्थायी मरम्मत कराने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। इसलिए सड़क का पूरी तरह से पुनर्निर्माण कराया जाना चाहिए। इसके साथ ही मार्ग पर लगे सभी विद्युत खंभों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराने की मांग भी रखी गई।

व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल ने आश्वासन दिया कि नवरात्र से पहले काली नदी रोड का निर्माण कराया जाएगा तथा मार्ग पर तत्काल प्रकाश व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने बाजार की सफाई व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए कि व्यापारियों की सुविधा के अनुसार रात 10:30 बजे सफाई वाहन बाजार में भेजा जाए, ताकि व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पालिका अध्यक्ष के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने संतोष व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि सड़क निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य निर्धारित समय में पूरा कराया जाएगा। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल (नरेंद्र) के अध्यक्ष सचिन बंसल, चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मुकेश अरोड़ा, धर्मराज, बबलू सहित अन्य व्यापारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत नरौरा जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक सं०:-419/न०पं०न०/2026-27 दिनांकः- 14.09.2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नरौरा जनपद बुलन्दशहर द्वारा पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना (अनुदान-37), अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना, अवस्थापना विकास निधि एंव राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त धनराशि से निविदा आमंत्रित की जा रही हैं जो ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 16.09.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 06.10.2026 को शामः 05:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड एंव अपलोड की जा सकती है तथा कार्यो की निविदा स्केन अर्नेस्टमनी एंव निविदा शुल्क की मूल्य प्रति दिनांक 07.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक नगर पंचायत नरौरा के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगी एंव दिनांक 07.10.2026 को अपराहन 02:00 बजे नगर पंचायत नरौरा कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र / निविदा शर्तों की भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एंव www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(अरविन्द कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नरौरा
जनपद-बुलन्दशहर

(प्रीति यादव)
अध्यक्ष
नगर पंचायत नरौरा
जनपद-बुलन्दशहर

## कार्यालय नगर पंचायत नरौरा जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक सं०:-418/न०पं०न०/2026-27 दिनांकः- 14.09.2026

### अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नरौरा जनपद बुलन्दशहर द्वारा स्थित कान्हा गौशाला में संरक्षित गोवंशों के भरण-पोषण के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूसा प्रति कुन्तल की दर प्राप्त किये जाने हेतु व वर्ष 2026-27 के लिए मोटर स्टेन्ड पार्किंग शुल्क ठेका हेतु निविदा आमन्त्रित की जा रही हैं जो ई-टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 16.09.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.09.2026 को शामः 05:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड एंव अपलोड की जा सकती है तथा कार्यो की निविदा स्केन अर्नेस्टमनी एंव निविदा शुल्क की मूल्य प्रति दिनांक 24.09.2026 को प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक नगर पंचायत नरौरा के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगी एंव दिनांक 24.09.2026 को अपराहन 02:00 बजे नगर पंचायत नरौरा कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र / निविदा शर्तों की भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एंव www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(अरविन्द कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नरौरा
जनपद-बुलन्दशहर

(प्रीति यादव)
अध्यक्ष
नगर पंचायत नरौरा
जनपद-बुलन्दशहर

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# गाजियाबाद में मौत में शामिल होने जा रहे भाइयों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर,17 वर्षीय युवक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** थाना धौलाना क्षेत्र के ग्राम पिपलेहडा में मस्जिद के पास सोमवार दोपहर को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।

**धौलाना के पिपलेहड़ा गांव की घटना**



गाजियाबाद में एक मौत में शामिल होने जा रहे धौलाना निवासी दो सगे भाइयों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 17 वर्षीय कामरान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। वसीम के सिर में गहरी चोटें आई हैं, जिसे परिजनों ने निकट के हॉस्पिटल में भर्ती कराया । जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है । जानकारी के अनुसार दोनों भाई कस्बा धौलाना के छोटा झोड़ वाला मोहल्ला के निवासी हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची धौलाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# जीएस विश्वविद्यालय मे नए भवन से स्वास्थ्य शिक्षा को मिलेगी नई दिशा

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**पिलखुवा।** जीएस विश्वविद्यालय ने स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में अपने बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया है। विश्वविद्यालय परिसर में जीएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी, कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं एलाइड हेल्थ साइंसेज के नए शैक्षणिक भवन का सोमवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत हवन-पूजन से की गई।

नए भवन के शुरू होने से फामेर्सी, नर्सिंग और एलाइड हेल्थ साइंसेज के विद्यार्थियों को अध्ययन एवं प्रशिक्षण के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर गंगा सरण शर्मा ने कहा कि बदलते समय के साथ उच्च शिक्षा में आधुनिक संसाधनों की जरूरत बढ़ रही है। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ व्यावहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पिलखुवा और हापुड़ क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य शिक्षा के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर न रहना पड़े, इसके लिए विश्वविद्यालय में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। समारोह में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शशि शर्मा, प्रो. चांसलर डॉ. अंकित शर्मा, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. रूपाली शर्मा, सीईओ डॉ. नेहा जी शर्मा, डॉ. प्रदीप गर्ग, डॉ. शरद गोयल, अंकित विझ और मनोज शिशोदिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एचपीडीए की 77वीं बोर्ड बैठक 16 सितंबर को आयोजित होगी: प्रभारी सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की 77 वीं बोर्ड बैठक कल 16 सितंबर को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मेरठ कमिश्नरी में

- **मेरठ कमिश्नरी में मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित होगी बैठक**
- **बोर्ड बैठक में जिले के विकास से सम्बंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे जायेंगे**
- **एचपीडीए के अधिकारी बोर्ड बैठक की तैयारी में जुटे**







आयोजित होगी। प्राधिकरण के अधिकारीगण बोर्ड बैठक से सम्बंधित तैयारी करने में जुट हुए है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया,कि बोर्ड बैठक से सम्बंधित सभी तैयारियों से समय से पूर्ण कर ली जाये।

एचपीडीए के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि प्राधिकरण की 77 वीं बोर्ड बैठक कल 16 सितंबर को मेरठ कमिश्नरी में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व आयुक्त भानू चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की बोर्ड बैठक की तिथि निर्धारित होने के बाद से प्राधिकरण अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बैठक का एजेंडा तैयार करने में जुट गये है। अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव तैयार किये जा रहे है।

प्रभारी सचिव ने बताया कि प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में जिले के विकास से सम्बंधित,भू-परिवर्तन के साथ-साथ हरिपुर आवासीय योजना के विस्तार का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा जायेगा।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश चन्द्र ने प्राधिकरण अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बोर्ड बैठक की तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें। बोर्ड बैठक कल 17 सितंबर को मेरठ कमिश्नरी में आयोजित होगी।

# मोनाड विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस पर भाषा के संरक्षण का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**पिलखुवा।** मोनाड विश्वविद्यालय में सोमवार को स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन डॉ. सुशील कुमार ने किया।

शिक्षा संकाय के डीन डॉ. महीप मिश्रा ने हिंदी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। डॉ. अमान अहमद ने डिजिटल दौर में हिंदी लेखन और नियमित अभ्यास की आवश्यकता बताई। स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज की डीन डॉ. सोमा दास ने मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि भाषा के प्रति सम्मान की भावना जरूरी है। डॉ. अमित सिंह ने हिंदी को दैनिक जीवन और शिक्षण का हिस्सा बनाने की अपील की। डॉ. अविनाश शर्मा, डॉ. विभा गर्ग और डॉ. विनिता शर्मा ने भी विचार रखे। अंत में डॉ. विनिता शर्मा ने आभार व्यक्त किया। समारोह में हिंदी के नियमित प्रयोग का संकल्प लिया गया।

# अधिवक्ता नेहा शर्मा की मजबूत पैरवी, दुष्कर्म के आरोप में युवक बरी, अदालत ने कहा आरोप सिद्ध नहीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना/हापुड़ (संजीव वशिष्ठ)।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के बहुचर्चित मामले में माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, FTC-1 की अदालत ने आज बड़ा फैसला सुनाया।

**बरी हुए युवक के परिजनों सहित साथी अधिवक्ताओं ने दी नेहा शर्मा को बधाई ।**



न्यायालय ने सत्र परीक्षण संख्या 275/2022, मुकदमा अपराध संख्या 389/2021, सरकार बनाम योगेंद्र उर्फ बाबू, अंतर्गत धारा 366/376 भारतीय दंड संहिता में अभियुक्त योगेंद्र उर्फ बाबू को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

अभियोजन की कहानी के अनुसार अभियुक्त पर अपहरण व दुष्कर्म का आरोप था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सचिन गुप्ता 'नंदी' एवं अधिवक्ता नेहा शर्मा ने जोरदार बहस करते हुए अदालत को बताया कि अभियोजन पक्ष आरोप को संदेह से परे साबित करने में विफल रहा है। गवाहों के बयानों में विरोधाभास है।दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को बरी करने का आदेश दिया। फैसले के बाद अभियुक्त व उसके परिजनों ने अधिवक्ताओं का आभार जताया।

इस दौरान अधिवक्ता शाइस्ता शेख मसूदी, कृष्णा सैनी व तराना सैफी भी मौजूद रहीं।

# सट्टा प्रदर्शन मेले का विधायक ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिम्भावली गन्ना विकास समिति परिसर में सोमवार को समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने किया। इस दौरान गन्ना समिति अध्यक्ष जितेंद्रपाल सिंह एवं समिति डायरेक्टर संजीव कुमार मौजूद रहे।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक देवेंद्र कुमार एवं समिति सचिव राकेश पटेल ने बताया कि मेला 14 से 21 सितंबर 2026 तक चलेगा। किसानों को सट्टे से संबंधित आपत्तियों के निस्तारण और अभिलेखों में आवश्यक संशोधन कराने का यह अंतिम अवसर है। इसके बाद सट्टा डेटा लॉक कर दिया जाएगा। किसान अपने प्री-कैलेंडर को वेबसाइट अथवा ई-गन्ना ऐप पर देखकर आधार नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक खाता, गाटा संख्या और गन्ना क्षेत्रफल की जांच कर सकते हैं। किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर संबंधित राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक को लिखित प्रार्थना पत्र देकर संशोधन कराया जा सकता है।

अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट गन्ना किसान परियोजना के तहत सभी किसानों के लिए ऑनलाइन घोषणा पत्र भरना अनिवार्य है नहीं भरने वाले किसानों का आगामी पेराई सत्र में सट्टा बंद हो सकता है और वे उपज बढ़ोतरी, सामान्य बढ़ोतरी एवं अतिरिक्त सट्टे के लाभ से वंचित रह सकते हैं। घोषणा पत्र भरने और नए सदस्य बनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है। मेले के पहले दिन किसानों की 82 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर अमानउल्ला खान, राजीव चौधरी, विजेंद्र सिंह, संजीव खोकर, उदयभान सिंह, गुरतजाब खान, दीपक त्यागी, इंद्र शर्मा, प्रमोद कुमार सहित चीनी मिलों के अधिकारी, राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक और सैकड़ों गन्ना उत्पादक किसान मौजूद रहे।

# महिला को बातों में फंसाकर घर तक पहुंचे दो ठग, महिला से 20 लाख के गहने-नकदी हड़पकर फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**हापुड़।** जनपद की सदर कोतवाली क्षेत्र में ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। बाजार से घर लौट रही महिला को दो युवकों ने पहले भूखे होने का झांसा देकर बातों में फंसाया। महिला ने मदद के तौर पर उन्हें 200 रुपये दिए। आरोप है कि युवकों ने रुपये के नोट पर नशीला पदार्थ लगाकर उसे वापस कर दिया। इसके बाद दोनों महिला के साथ उसके घर के पास तक पहुंच गए। बातों में उलझाकर आरोपितों ने महिला से घर में रखे करीब नौ तोले सोने के आभूषण, दो किलो चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये नकद मंगवा लिए। सामान लेने के बाद दोनों ने कागज में पत्थर के दो टुकड़े लपेटकर महिला को थमा दिए और कागज दो दिन बाद खोलने की बात कही। करीब 24 घंटे बाद महिला की हालत सुधरी तो उसने स्वजन को घटना बताई। कागज खोलने पर उसमें गहनों और नकदी के बजाय पत्थर मिले। पीड़ित परिवार के अनुसार ठगी गई संपत्ति की कीमत करीब 20 लाख रुपये से अधिक है।

बुलन्दशहर रोड स्थित मोहल्ला रफीकनगर निवासी रहीसुद्दीन के मुताबिक गत शनिवार शाम उनकी पत्नी नाजरीन बाजार से सामान लेकर घर लौट रही थीं। मजीदपुरा क्षेत्र में दो युवक उनके पास पहुंचे और भूखे होने की बात कहते हुए खाना खिलाने का आग्रह किया। महिला ने उन्हें 200 रुपये दे दिए। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक महिला को बातचीत में उलझाए रहा, जबकि दूसरे ने नोट पर कोई नशीला पदार्थ लगा दिया।

# शहर में आवारा कुत्तों का आतंक : चेयरमैन व भाजपा नेता दानिश कुरैशी घायल,कई दिग्गजों ने पूछा हाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला

**लोगों ने अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग उठाई**

उपाध्यक्ष मोहम्मद दानिश कुरैशी आवारा कुत्ते के कारण हुए हादसे में घायल हो गए। वह बाइक से मोती कॉलोनी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ता बाइक के सामने आ गया। कुत्ते से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।

हादसे में दानिश कुरैशी के दोनों घुटनों और पैर के पंजे समेत शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद वह फिलहाल अपने घर पर आराम कर रहे हैं।

भाजपा नेता दानिश कुरैशी के घायल होने की जानकारी मिलने के बाद राजनीतिक,सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र से



जुड़े कई लोगों ने उनकी कुशलक्षेम पूछी। केंद्रीय सफाई कर्मचारी आयोग,भारत सरकार के सदस्य मनोज वाल्मीकि, सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट बाबूराम गिरी, उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी ओपी सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि ठाकुर, दिल्ली विधानसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसएम अकरम, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश राणा एडवोकेट, जिला महामंत्री श्यामेंदर त्यागी, जेई अरविंद कुमार, रेवेन्यू इंस्पेक्टर जाहिद अली और तैमूर अली समेत अन्य लोगों ने कार्यालय पहुंचकर अथवा फोन पर उनका हालचाल जाना। सभी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

लोगों का कहना है कि जब दानिश कुरैशी जैसे सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्ति भी आवारा कुत्ते के कारण घायल हो गए तो आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकडने,नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान को प्रभावी बनाने की मांग की है। साथ ही संवेदनशील इलाकों को चिह्नित कर विशेष अभियान चलाने की मांग की गई है।

# पूर्व सभासद राकेश शर्मा का निधन, नगर में शोक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद राकेश कुमार शर्मा का रविवार सुबह हृदयाघात से निधन हो गया। अचानक हुई इस घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके परिचितों और समर्थकों में शोक की स्थिति बन गई। मोहल्ला गढ़ी स्थित महादेव मंदिर के पास उनके आवास पर सुबह से ही लोगों का पहुंचना शुरू हो गया।



परिजनों के मुताबिक सुबह अचानक राकेश कुमार शर्मा की तबीयत बिगड़ी। परिवार के लोग उन्हें उपचार के लिए लेकर गए, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उनकी मृत्यु हो गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों के साथ सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग भी उनके आवास पर पहुंचे तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। राकेश शर्मा वर्ष 2017 से 2022 तक नगर पालिका परिषद के सभासद रहे। इस दौरान वह अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर सक्रिय रहे और स्थानीय लोगों के संपर्क में रहते हुए उनके काम कराने का प्रयास करते थे। उनके निधन पर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने शोक जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोगों ने उनके सरल स्वभाव और मिलनसार व्यवहार को याद किया।

## हादसा

## राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर दो बाइक सवारो की जोरदार भिड़ंत

# बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर मौत,तीसरा युवक जिंदगी की जंग लड़ रहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,पिलखुवा।** सोमवार की सुबह जनपद के थाना पिलखुआ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर हुए भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां पलभर में उजाड़ दीं। तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में

**पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा**







बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। जोरदार टक्कर की आवाज सुनते ही आसपास के लोग और हाईवे से गुजर रहे राहगीर मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने तुरंत घायलों की मदद करने का प्रयास किया और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात भी प्रभावित रहा।

घटना की सूचना मिलते ही थाना पिलखुआ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस के जरिए तत्काल नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। वहीं, पति-पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# गणपति बप्पा के जयकारों से गूंजा वैष्णो कॉलोनी क्षेत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर वैष्णो कॉलोनी में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।




श्री गणेश उत्सव मंडल की ओर से भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना से पहले शोभायात्रा निकाली गई। इसमें कॉलोनी के लोगों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। ढोल-नगाड़ों और बैंड की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए गणपति बप्पा के जयकारे लगाते नजर आए। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए वैष्णो कॉलोनी स्थित मंदिर परिसर पहुंची। यहां मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित किया गया। प्रतिमा स्थापना के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम कीर्तन तथा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। 24 सितंबर को भगवान गणेश की प्रतिमा की भव्य विसर्जन यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान मुन्नालाल, संजय बंसल अकेला, आदेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, देवेंद्र, विनोद गोयल, उदित गुप्ता, रिंकू तोमर, प्रिया मित्तल, संदीप मित्तल और मनीष समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

I Dheeraj Sirohi S/o Shri Surender Sirohi R/o Village Himayunpur, Post- Mahmoodpur, Hapur have changed my name from Dhiraj Sirohi to Dheeraj Sirohi for all purposes.

## गणेश चौथ के 66वें महोत्सव के उपलक्ष्य में
# सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला









# गजानन के जयकारों से गूंजी प्रभु श्री गणेश की भव्य रथ यात्रा





बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक मेला गणेश चौथ के 66वें महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को चंदौसी नगरी पूरी तरह गणपतिमय हो उठी। नगर में भगवान गणेश की भव्य शोभायात्रा और रथ यात्रा पूरी श्रद्धा, उल्लास और गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। रथ यात्रा में लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा नगर 'गणपति बप्पा मोरया' और 'जय गणेश' के जयकारों से गूंजता रहा। यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ देर रात तक बनी रही।

केंद्रीय मंत्री बी.एल.वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकु, बहजोई नगरपालिका चेयरमैन राजेश शंकर राजू, सुधीर मल्होत्रा, परमेश्वर लाल सैनी, अंकित जैन आदि भाजपाइयों समेत मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया और गणपति जी का आशीर्वाद लिया। रथयात्रा प्रारंभ होते ही भक्त ढोल नगाड़ों पर झूम उठे। रथ यात्रा के आगे बढ़ते ही श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। जगह-जगह लोगों ने भगवान गणेश के रथ का स्वागत किया और पुष्पवर्षा कर अपनी आस्था प्रकट की। महाप्रभु श्री गणेश के जयकारों से माहौल गणेशमय हो गया।

**भगवान गणेश की 16 फीट ऊंची प्रतिमा और मनमोहक झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र**

**गणेश की 16 फीट ऊंची प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र**

रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण 16 फीट ऊंची भगवान महाप्रभु गणेश की मनोहारी प्रतिमा रही। इस वर्ष प्रतिमा को मोर पंखों के नगों से सजाकर तैयार किया गया था। विशाल और स्वचालित रथ पर विराजमान गणेश प्रतिमा के दर्शन के लिए मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

**20 रुपए के सिक्कों से बनी कुबेर जी की झांकी ने मोहा मन**

इस बार कुबेर जी की झांकी को तैयार करने के लिए 20 रुपए के सिक्कों का उपयोग किया गया था। जैसे ही झांकी पर सूर्य देव की रोशनी पड़ी तो मानों झांकी ने सोने की चादर ओढ़ ली हो। कुबेर से निकलने वाले तेज ने लोगों को कायल कर दिया।




**मनमोहक झांकियों और अखाड़ों ने मोहा मन**

शोभायात्रा में सबसे आगे ऊंट और घोड़े चल रहे थे। इनके पीछे बैंड और बच्चों का मनोरंजन करते गुड्डे शामिल रहे। बारह भगवान, अर्द्ध हनुमान गणेश, मां कालरात्रि, माता काली, नादिया गणेश की झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।

जगन्नाथ जी, कुबेर जी की झांकी ने भी लोगों को खूब आकर्षित किया। भगवान शंकर, मां संतोषी, भगवान का रथ भी शोभायात्रा में शामिल रहा। भगवान राम का रथ निकलते ही जय श्री राम के नारे गूंज उठे। भगवान श्री गणेश की नृत्य मुद्रा झांकी ने सभी को बहुत आकर्षित किया। उसके पीछे चल रही शिक्षा का संदेश देती हुई बाबा हनुमान जी की झांकी ने लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। हनुमान जी की झांकी को बनाने के लिए पढ़ाई में काम आने वाली सामग्री जैसे पेंसिल, रबड़, रेजर आदि का प्रयोग किया गया था। उसके पीछे चल रही महाकाल की झांकी जैसे ही भक्तों की बीच पहुंची तो भक्तों ने डमरूओं को हाथ में लेकर नृत्य शुरू कर दिया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने धार्मिक गीतों पर नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, यूपी मे फिर से हम भगवा लहराएंगे पर युवाओं ने जमकर डांस किया।

**छतों और दुकानों से हुई पुष्पवर्षा**

शोभायात्रा गणेश मंदिर भूपाल विनायक द्वार से शुरू होकर मनिहार चौक, रामप्यारी स्कूल, बिसौली बड़ा बाजार, घंटाघर, फाड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार और कैथल गेट होते हुए देर रात गणेश मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा के मार्ग में स्थित दुकानों और मकानों की छतों पर दोपहर से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। कई परिवारों ने यात्रा देखने के लिए पहले से ही स्थान तय कर रखे थे। रथ और झांकियों के पहुंचते ही लोगों ने छतों व दुकानों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

**लोगों ने अपने कैमरे में कैद की रथयात्रा की झलकियां**

नगर में हर साल गणेश रथयात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाती है लेकिन पिछले 66 वर्षों में लोगों का रथयात्रा को लेकर बना उत्साह कम नहीं हुआ है। हर साल हजारों की संख्या में लोग गणेश मंदिर पर एकत्र होते हैं और रथयात्रा के साक्षी बनते हैं। रथयात्रा को लेकर युवाओं में इतनी दीवानगी है कि वे इन पलों को अपने कैमरे में कैद होने से नहीं रोक पाते हैं। सोमवार को भी जब रथयात्रा निकली तो इसकी झलकियां हजारों कैमरों में कैद हो गईं। कोई सेल्फी तो कोई लाइव वीडियो चलाता हुआ नजर आया। झांकियों के साथ चल रहे बैंड बाजों ने युवाओं को देवा ओ देवा तुमसे बढ़कर कौन आदि गीतों पर थिरकने पर भी मजबूर कर दिया।

**रथयात्रा मार्ग का एसपी ने किया पैदल निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

रथयात्रा मार्ग का एसपी संभल विकास चंद्र त्रिपाठी ने पैदल गश्त कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और पुलिस बल की तैनाती का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने के आदेश दिए।

**सुरक्षा को लेकर पुलिस रही मुस्तैद**

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी ने सुरक्षा की दृष्टि ने न केवल ड्रेस में बल्कि सादा वर्दी में भी पुलिस बल तैनात किया हुआ था। एलआइयू भी लोगों पर नजर बनाए रही। प्रमुख मार्गों और भीड़ वाले स्थानों पर पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।

इस अवसर पर एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी आशुतोष, सीओ विवेक जावला, मेला सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, मनोज कुमार मीनू, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, सतेंद्र मामा, मुकेश ब्रेड, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, अजय आर्य, शुभम अग्रवाल, सुशांत गुप्ता, सतीश चंद्र वार्ष्णेय, फहीमुद्दीन, प्रतीक किट्ठ, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा सहित मेला कमेटी के पदाधिकारी व हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजी नगरी: घर-घर विराजे विघ्नहर्ता, ढोल-नगाड़ों के साथ मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

## गणेश चतुर्थी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, मंदिर से लेकर पूजा पंडालों तक दिनभर रही भक्तों की धूम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** उत्तर भारत के ऐतिहासिक और सबसे बड़े गणेश मेले के 66वें महोत्सव को लेकर सोमवार को नगर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर चंदौसी नगर ह्यगणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरयाह्न के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। नगर से लेकर देहात क्षेत्र तक हर तरफ बप्पा के स्वागत को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया।

सुबह से ही श्रद्धालु अपने-अपने घरों और पूजा पंडालों में भगवान गजानन की स्थापना के लिए प्रतिमाओं को लेकर निकल पड़े। कोई टेंपो तो कोई ठेले, मोटरसाइकिल और पैदल ही भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा लेकर गणेश मंदिर पहुंचा। कई श्रद्धालु प्रतिमा को सिर पर धारण कर ढोल-नगाड़ों के साथ मंदिर पहुंचे। इस दौरान रास्ते भर गणपति बप्पा के जयकारे गूंजते रहे।





प्रसिद्ध गणेश मंदिर में दिनभर दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तिमय माहौल बना रहा।

**पंडालों और कॉलोनियों में सजे सांस्कृतिक मंच**

नगर के विभिन्न मोहल्लों, कॉलोनियों और प्रमुख चौराहों पर गणपति स्थापना के लिए भव्य पंडाल सजाए गए हैं। विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा के बाद इन पंडालों में अगले कई दिनों तक नियमित आरती, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

शाम होते ही पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी। ढोल-नगाड़ों की थाप और गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय नजर आया। घरों से लेकर सार्वजनिक पंडालों तक विघ्नहर्ता की आराधना का दौर चलता रहा। गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ यह धार्मिक उत्साह विसर्जन तक इसी तरह बना रहेगा।

# श्री भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा किया गया विशाल भंडारा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

## मेला गणेश चौथ के 66वें महोत्सव के पावन अवसर पर हुआ आयोजन, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने लिया प्रसाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** नगर के सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम मंदिर में मेला गणेश चौथ के 66वें महोत्सव-2026 के पावन अवसर पर सोमवार को श्री भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ भंडारा प्रभु इच्छा तक चलता रहा। भंडारे में नगर के विभिन्न मोहल्लों से पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बनी रही। ट्रस्ट से जुड़े कार्यकताओं और अन्य सेवाभावी लोगों ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। बड़ी संख्या में लोगों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर पूरे समय धार्मिक माहौल बना रहा।

ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि मेला गणेश चौथ महोत्सव के दौरान प्रतिवर्ष इस तरह के सेवा कार्य किए जाते हैं। महोत्सव की खास बात यह है कि इसमें सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर सहभागिता करते हैं और सेवा कार्यों में अपना सहयोग देते हैं। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



वहीं राज मोहल्ले का एक सम्मानित परिवार भी प्रतिवर्ष रथ यात्रा वाले दिन विशाल भंडारे का आयोजन करता है। इसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। आयोजकों ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के साथ सेवा और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाना ही ऐसे आयोजनों का उद्देश्य है। भंडारे की व्यवस्था में मुख्य रूप से राघवेंद्र मोहन मिश्रा, केजी शर्मा, डॉ. पारितोष मिश्रा, पंकज शर्मा, रमाकांत नागर, सुंदर शर्मा, डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, डॉ. , रमेश ग्रेवाल, सुनील शर्मा, डॉ. वाईपी जोशी,, सुनील गुप्ता, रवि शंकर शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा, एससी शर्मा, मुकुल शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, राजकुमार सक्सेना, कल्पना वाष्णेय, उमा शर्मा, सीमा शर्मा, शालिनी अरोड़ा, राधा अग्रवाल, सीमा चटर्जी, रुचिका गुप्ता, राकेश मिश्रा, राजेश शंखधार, गुलशन अरोड़ा, मनोज शर्मा, सूरज पाराशरी, सुमित पाराशरी, वृंदावन शर्मा, जितेंद्र शर्मा, शरद शर्मा, धीरेंद्र उपाध्याय, नीरज शर्मा, संजय शर्मा, डॉ. गौरव मिश्रा, अनिल कपूर, जयपाल सिंह, मुकेश शर्मा, पीएन शर्मा, बृजेश , सौरभ मिश्रा,और प्रवीण मोहन तिवारी आदि मौजूद रहे।

**भक्ति के रंग में रंगा शहर** गजानन परिसर से निकली भव्य प्रभु श्री गणेश की झांकी, जयकारों से गूंजी धर्मनगरी

# महाप्रभु की महाआरती में उमड़ा आस्था का सैलाब, एसपी ने लिया आशीर्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** धर्मनगरी चंदौसी में निकाली गई भव्य रथयात्रा के दौरान पूरा शहर भक्ति रस में सराबोर नजर आया।

## राज्यमंत्री गुलाब देवी ने भी पहुंचकर लिया आशीर्वाद

रथयात्रा का सबसे मनोहारी और अलौकिक दृश्य रात करीब 7:30 बजे देखने को मिला, जब गजानन परिसर से महाप्रभु की अंतिम झांकी पूर्ण वैभव के साथ बाहर निकली। प्रभु के दर्शन पाते ही हजारों श्रद्धालुओं की आंखें श्रद्धा से नम हो गईं और पूरा वातावरण 'जय महाप्रभु' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। राज्यमंत्री और चंदौसी से विधायक गुलाब देवी भी लगभग 7:30 बजे गणेश मंदिर पहुंची और प्रभु श्री गणेश का आशीर्वाद लिया।



राज्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने सविधि पूजा-अर्चना कर जनपद की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही महाआरती के दौरान उमड़े हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के समक्ष शीश नवाकर पुण्य लाभ कमाया। वहीं राज्यमंत्री गुलाब देवी और एसपी ने विनायक पत्रिका का भी विमोचन किया।

# मेले में केंद्रीय मंत्री ने भी पहुंच कर लिया आशीर्वाद




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267

## ऑटो-ई-रिक्शा पर रोक के आदेशों की उड़ी धज्जियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सोमवार को शहर को जाम से राहत देने के लिए बनाए गए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था सरसौल चौराहे से बोनेर तिराहे तक सुबह छह से 10 बजे तक ई-रिक्शा और ऑटो के प्रवेश पर रविवार को स्थानीय



प्रशासन व यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा और ऑटो के प्रवेश पर प्रतिबंधित के निर्देश दिये गये थे, लेकिन प्रतिबंधित समय में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा और ऑटो दौड़ते नजर आये। प्रशासन व यातायात पुलिस द्वारा किये गये आदेश पहले ही दिन बेअसर, सारसौल से बौनेर के बीच सुबह छह से 10 बजे तक सड़कों पर दौड़ते दिखे वाहन ग्रीन कॉरिडोर में ऑटो-ई-रिक्शा पर रोक व्यवस्था धड़ामः व्यवस्था पहले ही दिन बेअसर, सारसौल से बौनेर के बीच सुबह छह से 10 बजे तक सड़कों पर दौड़ते दिखाई दिये।

## श्री गणेश चतुर्थी पर शहर से देहात तक उत्साह, गूंजे बप्पा के जयकारे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** श्री गणेश चतुर्थी पर शहर से देहात तक उत्साह दिखाई दिया। शहर देहात केम मंदिरों और गली मोहल्लों और घरों में श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिरों और पंडालों को फूल-माला तथा सजावटी सामान एवं बिजली झालरों सजाया गया। समूचा शहर बप्पा के जयकारे गूंजा। इसके लिए पंडाल सजकर तैयार हैं। घरों में स्थापना के लिए लोगों ने अपनी श्रद्धा और पसंद के अनुसार छोटी-बड़ी प्रतिमाएं स्थापित की। श्रीराम मंदिर सुदामापुरी, अचलताल स्थित श्री सिद्धनाथ गणेश मंदिर, श्री गिलहराज जी मंदिर, श्री वार्ष्णेय मंदिर जीटी रोड, टीकाराम मंदिर सेंटर पाइंट और श्री अखिलेश्वर महादेव मंदिर रघुवीरपुरी समेत विभिन्न मंदिरों में श्री गणेश गणेश प्रतिमा की स्थापना की तो वहीं सुदामापुरी गली नं० 4 में बच्चों में भी इस उत्सव का उत्साह दिखा,



बच्चों ने एक-एक रूपया इकत्रित करके पंडाल को सजाया और श्री गणेश प्रतिमा स्थापित की। इसी क्रम में श्रीगणेश संस्कार एवं सामाजिक संस्थ प्रथम दिन द्वारा श्री गणेश महोत्सव श्री गणेश मूर्ति स्थापना आज के मुख्य यजमान डॉ नरेंद्र सांगवान निदेशक सागवान सिटी ने भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना के साथ स्थापना की साथी वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ भगवान श्री गणेश को डॉक्टर नरेंद्र सागवान द्वारा माल्यार्पण कराया गया। आयोजन समिति में मुख्य रूप से संस्थापक अध्यक्ष योगेश महाजन, महामंत्री कुँवर प्रमोद सैलानी और कोषाध्यक्ष यशपाल सिंह लोधी इसके मुख्य संयोजक विशाल महाजन, मुख्य संयोजिका महिला अर्चना रंजन, कार्यक्रम संयोजक संजीव गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, नितिन वार्ष्णेय पीएनबी इवेंट आदि प्रमुख रूप मौजूद रहे। श्री गणेश प्रतिमा स्थापना के साथ ही अगले दस दिनों तक शहर में धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी। अनंत चतुर्दशी तक पंडालों में आरती, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे।

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहा था चोरी की कार, पुलिस ने दबोचा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाना पुलिस ने कार चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की हुंडई एक्सटर पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से कार और फर्जी नंबर प्लेट बरामद की है। कार की डिग्गी से उसकी असली नंबर प्लेट भी मिली। पुलिस के अनुसार, एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसने अपनी यूपी14जीबी1456 नंबर की कार वेव सिल्वर टावर के सामने पार्किंग में खड़ी की थी। कुछ देर बाद वापस आने पर कार गायब थी। शिकायत के आधार पर सेक्टर-20 थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।



13 सितंबर को पुलिस ने स्थानीय सूचना और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की मदद से अरुण पुत्र अखिलेश को अट्टापीर से डीएलएफ मॉल की ओर जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से एटा के सोनसा गांव का रहने वाला है और फिलहाल छिजारसी में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की कार पर लगी फर्जी नंबर प्लेट यूपी16सी0007टीसी/02 बरामद की। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी से उसकी असली नंबर प्लेट यूपी14जीबी1456 भी मिल गई। मामले में पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मित्तई में मरहूमा अनवार फातिमा के चालीसवें की मजलिस को मौलाना सैय्यद कल्बे रुशैद रिजवी साहब ने खिताब किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बाराबंकी/लखनऊ।** आल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड उत्तर प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष डा० सैय्यद हुसैन मोहसिन जैदी की सास और श्री परवेज रिजवी की माता स्वर्गीय श्रीमती अनवार फातिमा बिन्ते स्वर्गीय सैय्यद आबिद हुसैन साहब के चालीसवें की मजलिस उनके आबाई वतन मित्तई ज़िला बाराबंकी में इमाम बारगाह सरकारे हुसैनी में एक कसीर मजमे के बीच सम्पन्न हुई जिसको दिल्ली से तशरीफ लाए विश्वविख्यात मौलाना सैय्यद कल्बे रूशैद रिजवी साहब ने खिताब किया। लखनऊ से तशरीफ लाए सोजख़ान एडवोकेट श्री वकार हैदर नकवी साहब और शायरे एहलेबैत जनाब सैय्यद असद जाफरी साहब और जनाब सैय्यद मिनहाल आजमी साहब ने मरहूमा की शान में अपना नजराना-ए-अक़ीदत पेश किया, मरहूमा अनवार फातिमा एक मोमिन औरत थीं जिनका मकसद सिर्फ अजाए हुसैन था उनको ताजियत देने के लिए



काफी संख्या में ओलमाए इकराम शोअराए इकराम, समाजी कारकुन विशेष रूप से आल इण्डिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना डा० मिर्जा यासूब अब्बास साहब कि ब्ला इलाहाबाद से तशरीफ लाए मौलाना सैय्यद जव्वार हैदर जव्वादी साहब, मौलाना सैय्यद रजी हैदर साहब, फैजाबाद से पधारे मौलाना सैय्यद नदीम रजा जैदी साहब, विश्वविख्यात मौलाना स्वर्गीय श्री जीशान हैदर जवादी साहब के पौत्र, बाराबंकी से पधारे मौलाना सैय्यद अली साहेबान साहब ,मित्तई से मौलाना सैय्यद मोहम्मद बाकर साहब, कांग्रेस के सीनियर नेता चचा अमीर हैदर साहब लखनऊ से तशरीफ लाए पब्लिक एजुकेशनल काउन्सिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन और जामिया उर्दू अलीगढ़ के केन्द्र व्यवस्थापक हाजी डा ०हुसैन मोहसिन जैदी साहब के अतिरिक्त काफी संख्या में रिश्तेदार अजीजदार और मोमेनीन मित्तई ने शिरकत की । मजलिस के बाद फातेहा खानी और खाने का भी इन्तेजाम किया गया था,बाद में आने वाले अपने सभी मेहमानों का शुक्रिया मरहूमा अनवार फातिमा के पुत्र श्री शबाब और उनके पौत्र श्री बाकर अब्बास ने अदा किया। औरतों की मजलिस भी इमाम बारगाह इलाहक हुसैन मरहूम में हुई जिसको इलाहाबाद से तशरीफ लाई जाकिरा श्रीमती शबीह फातिमा जवादी ने खिताब किया।

## गुरुद्वारे में कमेटी को लेकर भिड़े

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** गांधी पार्क क्षेत्र के डोरी नगर स्थित साहिब गुरुद्वारे में नई कमेटी के गठन को लेकर रविवार रात दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में महिलाओं समेत करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नौरंगाबाद छावनी निवासी बलविंदर सिंह के मुताबिक, गुरुद्वारे की नई कमेटी बनाने के लिए रविवार की रात बैठक बुलाई गई थी। इससे पहले भी बैठक हुई थी, लेकिन उसमें कोई फैसला नहीं हो पाया था। आरोप है कि पुरानी कमेटी के पद छोड़ने से इनकार करने के बाद विवाद शुरू हुआ। बलविंदर सिंह का कहना है कि पुरानी कमेटी करीब साढ़े तीन साल से गुरुद्वारे में ज्ञानी की व्यवस्था भी नहीं कर पाई थी। नई कमेटी की ओर से व्यवस्था में बदलाव का प्रस्ताव रखा गया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई।



विवाद गुरुद्वारे के अंदर से शुरू होकर बाहर गली तक पहुंच गया। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में एक परिवार की महिलाओं समेत करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए। कुछ लोगों के सिर में भी चोट आई है। सूचना मिलने पर गांधी पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मलखान सिंह जिला अस्पताल भेजा। घायल पक्ष ने थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

## छात्राओं ने खराब खाने को लेकर काटा हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** एएमयू छात्राएं सड़क पर उतर आई। हॉस्टल में खराब खाना मिलने का आरोप लगाकर नारेबाजी करने लगीं। इसका पता चलते ही प्रॉक्टोरियल टीम पहुंच गई। उनकी छात्राओं से पहले कहासुनी, फिर झड़प और आखिर में धक्का-मुक्की हो गई। इस दौरान डिप्टी प्रॉक्टर जमीन पर गिर पड़े।



छात्राओं का आरोप है कि उनके साथ प्रॉक्टोरियल टीम ने मारपीट की और बदसलूकी की। मामले की निष्पक्ष जांच हो और जिम्मेदार लोगों पर एक्शन होना चाहिए। हम लोगों को लगातार खराब खाना दिया जा रहा है। खाने में कीड़े निकलते हैं। अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। जब भी शिकायत की गई, हमेशा बैठक कर मामला हल करने का आश्वासन दिया गया। अब तक 4 मीटिंग हो चुकी हैं। अभी तक कोई हल नहीं निकला। इसके चलते सड़क पर उतरना पड़ा। हंगामा बढ़ता देख प्रॉक्टोरियल टीम ने पुलिस को बुलाया। पुलिस ने ह्यूमन चेन बनाकर छात्राओं और प्रॉक्टोरियल टीम को अलग किया। इसके बाद छात्राओं को समझाया।

## विधानसभा क्षेत्र जेवर का विकास कराना उनकी प्राथमिकता: धीरेंद्र सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी.वर्मा)।** दनकौर कोतवाली अंतर्गत कस्बा बिलासपुर में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने सभासद मनीष गर्ग के व्यापरिक प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन किया ।

इस अवसर पर कस्बे के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे और कुछ लोगों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं से विधायक को अवगत कराया तो विधायक ने उनकी समस्याओं को सुन वह समझ कर उनके समाधान का आश्वासन दिया।

इस मौके पर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि संपूर्ण जेवर विधानसभा क्षेत्र का विकास कराना उनकी प्राथमिकता में है और वह विकास करा कर रहेंगे ' इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, अनुपम तायल , विपिन चौहान



,अविनाश कुमार, विनय चौटाला , सौरभ गर्ग ,हरेंद्र शर्मा , रविंद्र अग्रवाल, ओमकार भाटी आदि लोग उपस्थित रहे ।

## भव्य झांकियों और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली श्री गणेश शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** श्री राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर में भव्य श्री गणेश शोभायात्रा निकाली गई। नगर की अनाज मंडी से शुरू हुई शोभायात्रा का

**विधायक के भाई केसरी सिंह लोधी और पालिकाध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल ने फीता काटकर किया शुभारंभ, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद**

शुभारंभ विधायक के भाई केसरी सिंह लोधी और नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोभायात्रा के शुभारंभ के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा में विशाल बैंड, इस्लामनगर के ढोल तथा आगरा की विख्यात झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सजी-धजी झांकियों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच भगवान श्री गणेश के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा को देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा रही। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख एवं मुख्य मार्गों से होते हुए अपने निर्धारित गंतव्य स्थल पर पहुंची, जहां धार्मिक कार्यक्रम के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और आयोजकों में उत्साह बना रहा। समिति की ओर से व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस



प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। क्षेत्राधिकारी मधुप कुमार और कोतवाली प्रभारी विशाल प्रताप चौहान एवं कस्बा चौकी इंचार्ज विशाल प्रताप के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। भीड़भाड़ वाले स्थानों और शोभायात्रा के मार्ग पर पुलिसकर्मियों ने लगातार निगरानी रखी, ताकि यातायात व्यवस्था के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

श्री गणेश चतुर्थी मेला समिति के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, ललित कुमार गुप्ता, महामंत्री अनिल गोस्वामी (बिट्टू जोगी), शिवकुमार अग्रवाल, अजय शर्मा (बैटरी वाले), राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, गौरव गोयल सहित समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शोभायात्रा के दौरान धार्मिक आस्था के साथ नगर में उत्सव का माहौल दिखाई दिया। आयोजकों ने शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न कराने में सहयोग करने वाले पुलिस-प्रशासन, श्रद्धालुओं और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

### 1230 छात्रों ने 205 टीमों में लिया हिस्सा

## जीएनआईओटी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** जीएनआईओटी के कंप्यूटर साइंस





एंड इंजीनियरिंग विभाग और जीएनआईओटी-सीएसई टेक क्लब की ओर से आंतरिक स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2026 का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के विभिन्न विभागों के 1230 छात्रों ने 205 टीमों के रूप में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर दोनों वर्ग शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन जीएनआईओटी इंजीनियरिंग संस्थान के निदेशक डॉ. धीरज गुप्ता ने किया। उन्होंने छात्रों को नवाचार, रचनात्मकता, टीम भावना और तकनीक के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित किया। हैकाथॉन में छात्रों ने वास्तविक समस्याओं पर आधारित अपने विचार, नमूने और तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए। बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों की पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के लिए तैयार किया जाएगा। संस्थान की ओर से बताया गया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी सोच को बढ़ावा देना है।

## विकास योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता: मंडलायुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** मंडलायुक्त अलीगढ़ मंडल ओपी आर्य की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मंडलीय विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक पात्र



लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता हो। विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं की प्रगति में और सुधार लाएं। बैठक में मंडल के जिलों की रैंकिंग की समीक्षा में बताया गया कि अगस्त माह में अलीगढ़ 37वें, एटा 17वें, हाथरस 31वें तथा कासगंज 61वें स्थान पर रहा। मंडलायुक्त ने प्रगति में और सुधार लाने के लिए नियमित अनुश्रवण एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

## शिव मंदिर में पूजा, महायज्ञ और सुंदरकांड के बाद हुआ भंडारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर ज्यू-1 स्थित शिव मंदिर में गणेश चतुर्थी के मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश की पूजा से हुई। इसके बाद महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सेक्टर के लोगों ने आहुति देकर

**शिव मंदिर में पूजा, महायज्ञ और सुंदरकांड के बाद हुआ भंडारा**





परिवार और समाज की सुख-शांति की कामना की। महायज्ञ के बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया। भक्ति गीतों और सुंदरकांड की चौपाइयों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन के अंत में विशाल भंडारा हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने और आपसी भाईचारा बढ़ाने का काम करते हैं। गणेशोत्सव गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। गणपति बप्पा के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। के दौरान पूरे सेक्टर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा।

**मांग** | 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड और 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे की मांग, राकेश टिकैत बोले- हक नहीं मिला तो रोकेंगे काम

## किसानों का तीनों प्राधिकरणों पर प्रदर्शन, मुख्य द्वार पर दिया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य द्वार पर बड़ी संख्या में किसान और महिलाएं धरने पर बैठ गए। किसानों को अंदर जाने से रोकने के लिए मुख्य द्वार पर जेसीबी और डंपर खड़े किए गए। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात रहा। किसान नेता राकेश टिकैत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसान काफी समय से अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रख रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनका हक मिलना चाहिए। मांगें नहीं मानी गईं तो किसान





प्राधिकरणों का काम रोकने का फैसला ले सकते हैं। उन्होंने 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड और 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजे की मांग उठाई।

भारतीय किसान यूनियन के पवन खटाना ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांगों में 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा, 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड, आबादी के मामलों का निस्तारण और 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के अनुसार लाभ देना शामिल है।

**छह जिलों के किसानों को भूखंड देने की मांग**

यूनियन ने यमुना एक्सप्रेसवे के लिए जमीन देने वाले गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा के किसानों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा और आवासीय भूखंड देने की मांग की है। तीनों प्राधिकरणों से प्रभावित किसानों को भी 10 प्रतिशत आवासीय भूखंड देने की मांग की गई है। जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित परिवारों को घर-घेर के बराबर भूखंड और कम से कम 100 वर्गमीटर का भूखंड देने की मांग की गई है। रोजगार के बदले मिलने वाली पांच लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने और एयरपोर्ट में पहले चरण में 350 स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग भी रखी गई है। किसानों ने आबादी के लंबित मामलों, बैक लीज और शिफ्टिंग से जुड़े मामलों का जल्द निस्तारण करने की मांग की। सर्किल रेट 100 प्रतिशत बढ़ाने और नई भूमि अधिग्रहण नीति के तहत चार गुना मुआवजा देने की मांग भी की गई है। भूमिहीन किसानों और मजदूरों को कम से कम 120 वर्गमीटर के भूखंड देने की मांग भी शामिल है।

**बिजली और टोल का मुद्दा भी उठाया**

किसानों ने प्राधिकरणों और तहसीलों में कर्मचारियों की कमी दूर करने की मांग की। लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार और इंजीनियरों की कमी के कारण किसानों के काम लंबित होने की बात कही गई। यूपीपीसीएल और एनपीसीएल में बिजली बिल, मीटर जांच और विजिलेंस जांच से जुड़ी किसानों की समस्याओं का मुद्दा भी उठाया गया।

इसके अलावा जेवर, लुहारली और ईस्टर्न पेरिफेरल टोल प्लाजा पर गौतमबुद्धनगर के किसानों को पहचान पत्र दिखाने पर टोल से छूट देने की मांग की गई। किसान यूनियन ने कहा कि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन आगे और तेज किया जाएगा।


## आईआईएमटी कॉलेज में रक्तदान शिविर, 120 यूनिट रक्त एकत्र


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** रोटरी क्लब ग्रीन ग्रेटर नोएडा की ओर से सोमवार को



आईआईएमटी कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 187 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें 120 ने रक्तदान किया। इससे 120 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। क्लब अध्यक्ष निखिल गर्ग ने छात्रों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। पूर्व अध्यक्ष सौरभ बंसल ने बताया कि रोटरी ब्लड बैंक नोएडा की डॉक्टरों की टीम ने रक्तदान से पहले सभी की रक्तचाप, हीमोग्लोबिन और वजन की जांच की। कम हीमोग्लोबिन और वजन के कारण 67 छात्र रक्तदान नहीं कर सके। शिविर में कॉलेज के प्रबंध निदेशक मयंक अग्रवाल सहित क्लब के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।










## गणेश चतुर्थी पर एनआर ग्लोबल स्कूल में गूंजा मंगलकामना का संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर एनआर ग्लोबल स्कूल परिवार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भगवान श्री गणेश का विधिवत पूजन कर सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं सफलता की मंगलकामना की।



इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भगवान श्री गणेश के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि, विवेक, विनम्रता, धैर्य और शुभारंभ के प्रतीक हैं। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारते हुए शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार, अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. आरती छपराना ने गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान और संस्कारों के साथ निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनय खारी ने कहा कि भारतीय पर्व एवं त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं की पहचान हैं। ये हमें आपसी प्रेम, सद्भाव और संस्कारों के साथ जीवन में सकारात्मक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय परिवार ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सफलता की कामना करते हुए पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।







